# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, शनिवार 26 अप्रैल 2025





## खबर संक्षेप

### कॉलेज में मनाया आंबेडकर जयंती

**जालबांधा।** नवीन शासकीय महाविद्यालय जालबांधा में प्राचार्य डॉ ओपीगुप्ता के निर्देशन में अंबेडकर जयंती का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ गुप्ता ने कहा कि संविधान निर्माता ने संविधान में स्वतंत्रता, शिक्षा, नागरिकों को समान अधिकार, रोजगार और न्याय की गारंटी प्रदान किया। उन्हे विश्वास था कि समाज का विकास संविधान द्वारा किया जा सकता है। अंबेडकर का लक्ष्य ऐसा भारत बनाना था जहां जाति के आधार पर भेदभाव न हो और हर व्यक्ति को समान अवसर मिले। प्राध्यापक संजय देवांगन ने बताया कि डॉ अंबेडकर ने हिंदू धर्म में व्याप्त कुरूतियों और छुआछूत की प्रथा से तंग आकर बौद्ध धर्म अपना लिया था। सहायक प्राध्यापक रवि प्रकाश चतुर्वेदी ने डॉ अंबेडकर के जीवन पर अपने विचार व्यक्त किए।

### शिक्षक-अभिभावकों की बैठक आज

**गंडई पंडरिया।** देवी प्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय गंडई में कल 26 अप्रैल को अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक सेमीनार हॉल में होगी। बैठक में छात्र-छात्राओं की शैक्षणिक प्रगति पर विस्तृत चर्चा किया जाएगा। इसके अलावा अनुशासन, नियमित उपस्थिति और सर्वांगीण विकास आदि विषयों पर अभिभावकों और शिक्षकों के मध्य चर्चा की जाएगी। इस अवसर पर अभिभावकों को महाविद्यालय के शैक्षणिक कार्यक्रमों और पाठ्यक्रम गतिविधियों की जानकारी दी जाएगी। विद्यार्थियों की समस्याओं पर भी विचार किया जाएगा। बीए, बीकॉम एवं बीएससी के विद्यार्थियों से अभिभावकों के साथ बैठक में शामिल होने कहा गया है।

### कॉलेज में एलुमनी दिवस 28 को

**गंडई पंडरिया।** देवीप्रसाद चौबे शासकीय महाविद्यालय गंडई में आगामी 28 अप्रैल को एलुमनी दिवस का आयोजन किया गया है। इस विशेष अवसर पर महाविद्यालय अपने पूर्व छात्र-छात्राओं का स्वागत कर सम्मानित किया जाएगा। पुनर्मिलन समारोह भी रखा गया है। यह आयोजन पूर्व विद्यार्थियों से जीवंत संवाद स्थापित करने, उनके अनुभवों को साझा करने और वर्तमान छात्रों को प्रेरणा देने के लिए आयोजित किया गया है। इस दौरान एलुमनी सम्मान समारोह यादों की परछाइयों, अनुभव साझा सत्र, महाविद्यालय की उपलब्धियों की प्रस्तुति और सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। यह आयोजन प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक चलेगा। महाविद्यालय परिवार ने सभी पूर्व छात्रों से आयोजन में शामिल होने का आग्रह किया है।

### शीतला मंदिर भवन का लोकार्पण

**डोंगरगढ़।** विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने ग्रामीण की मेहनत से निर्मित शीतला मंदिर भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने पूजन अर्चन कर



नवनिर्मित भवन का फीता काटा। इस मौके पर उन्होंने वर्तमान पेयजल संकट पर कहा कि इसके लिए हम सभी जिम्मेदार हैं। वर्तमान हालात को देखते हुए जल संरक्षण और वृक्ष संरक्षण किया जाए। उन्होंने जल संरक्षण के लिए अपने घरों में सोख्ता गड्ढा बनाने का आव्हान किया। इस मौके पर शैलेश त्रिपाठी, शैलेश मिश्रा, ममता, लखन लाल साहू, अरुणा बनाफर, द्वारका वर्मा, बीरंनलाल जंघेल, माधुरी, कीर्ति बैज, कमलेश वर्मा, महेंद्र जंघेल, अमरु वर्मा, प्रभुराम, मनोज वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

### भूमि स्वामित्व कार्ड का वितरण

**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत रंगीटोला में पंचायती राज स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में भूमि स्वामित्व कार्ड का वितरण किया गया। मुख्य



अतिथि जिपं अध्यक्ष किरण वैष्णव थी। अध्यक्षता सभापति अनिता मंडावी ने की। विशिष्ट अतिथि जनपद अध्यक्ष अजय सिन्हा, सदस्य, सरपंच थे। इस मौके पर अतिथियों ने 64 लोगों को भूमि स्वामित्व कार्ड प्रदान किया। इस दौरान श्रीमती मंडावी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच की अनुरूप आबादी भूमि पर लोगों को भूमि स्वामित्व योजना के तहत भूमि का मालिक बनाया गया लोगों को अब कई योजनाओं का लाभ मिल सकता है।

### याद किया जलियावाला बाग की घटना

**जालबांधा।** नवीन शासकीय महाविद्यालय जालबांधा में प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन में जलियांवाला बाग नरसंहार स्मृति दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में शहीद हुए निर्दोष भारतीयों को याद किया गया। जलियांवाला



बाग हत्याकांड 13 अप्रैल 1919 को अमृतसर में घटित हुआ था। अंग्रेज जनरल डायर के निर्देश पर बैठक में उपस्थित भारतीयों पर अंधाधुंध गोलियां बरसाई गई थी, जिसमें सैकड़ो लोग मारे गए और घायल हुए थे। सहायक प्रध्यापक संजय देवांगन ने ब्रिटिश शासन के क्रूर अत्याचार के बारे में बताया। इसी तारतम्य में सहायक प्राध्यापक रितेश बंजारे ने नरसंहार का इतिहास बताया। संचालन डॉ कमलेश चेलक ने किया। अंत में आभार व्यक्त डॉ नवीन सिंह राजपूत ने किया।

### सम्मान समारोह 28 को

**पटेवा।** सलोनी जोन अंतर्गत सेवानिवृत प्राचार्य, प्रधानपाठक एवं शिक्षकों का सम्मान समारोह का आयोजन आगामी 28 अप्रैल को उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मदराकुही में किया गया। कार्यक्रम में 18 सेवानिवृत्तों का सम्मान किया जाएगा। मुख्य अतिथि बीईओ नीलमसिंह राजपूत होंगी। अध्यक्षता संकुल प्राचार्य शिवलाल साहू करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रुप में खेमराज जैन, सुजीतसिंह चौहान, नीलेश वर्मा, पुकराम सिन्हा, संदीप सिंह, बेदलाल वर्मा, शकुन पटवा, सौरभ साहू, धनवा वर्मा उपस्थित रहेंगे।



झुलसा देने वाली धूप एवं गर्मी ने शहर से लेकर गांवों तक भीषण जल संकट खड़ा कर दिया है। वाटर लेबल के लगातार डाऊन होने से जल स्त्रोत सूखते जा रहे हैं और लोगों को पानी की किल्लत से जूझना पड़ रहा है। प्रशासन ने पानी के लिए जो इंतजाम किए हैं, वह भी फेल साबित हो रहे हैं।

## शहर और गांवों में गहराया जल संकट, जल श्रोत भी सूख गए

# जल बिन लोगों का जीवन हुआ मुहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

स्थानीय नगर पंचायत प्रशासन को इन दिनों नगर के सभी वार्डों में पेयजल आपूर्ति करने में कठिन चुनौतिया का सामना करना पड़ रहा है। जल स्तर गिरने से निकाय की मुसीबतें बढ़ गई है। बस स्टैंड, हडडी गोदाम, मेरेगांव एवं कान्हे की पानी टंकियां भर नही पा रही है जिससे दोनों समय पेयजल आपूर्ति करने में दिक्कत आ रही है। परेशानिया इसलिए भी ज्यादा बढी हुई है क्योंकि पीएचई की समूह जल सयंत्र योजना से निकाय को नियमित पानी नही मिल रहा है। निकाय द्वारा पेयजल संकट से जूझ रहे अधिकतर वार्डो में टैंकरो के माध्यम से पेयजल आपूर्ति किया जा रहा है लेकिन इसके बाद भी नागरिकों के आक्रोश का सामना नगर प्रशासन को करना पड़ रहा है।

पार्षद खेदीबाई अमिला, सुरेश नेताम, दिलीप कुंभकार, ईश्वरी ध्रुवे, विनोद डेहरिया, गोपी चंदा देवांगन, कविता यादव एवं उमा निषाद ने बताया कि मार्च से वार्डों में जल संकट की स्थिति है। जानकारी के अनुसार पेयजल आपूर्ति के लिए नगर के 5 वार्ड टैंकर पर आश्रित है। वार्ड 1, 2, 4, 5, 6 के नागरिकों को इन दिनों पानी की किल्लत का सामना करना पड रहा है। यहां पेयजल आपूर्ति टैंकरो से की जा रही है। नागरिकों की शिकायत है कि उन्हे नलों से पानी नही मिल रहा है। वहीं सार्वजनिक नल से भी पानी आना बंद हो गया है। टुल्लू पंप लगाने के कारण सार्वजनिक नल बंद हो गए है। वार्ड 4 की ई.ठाकुर, वार्ड 6 के रामचरण सारथी ने बताया कि नल से शाम को पानी ही नही मिल रहा है जबकि सुबह कुछ देर तक पानी मिलता है।

### संकट हल करने चार बोर

नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने प्रभावित वार्डो की समस्या के निराकरण के लिए चार स्थानो में बोर कराया है। तीन बोर शासन की की मदद से गुप्ता चौक, बजरंग चौक व गांधी चौक तथा एक क्रिकेट मैदान के समीप कराया गया। दो बोर फेल होने से पाईप लाईन में जोडा नही जा सका है जबकि दो बोर को पाईप लाईन से जोडा जा रहा है। इस पहल से आंशिक राहत मिलने की संभावना है।




### कलेक्टर से अनुदान की मांग

पेयजल समस्या के निराकरण के लिए अध्यक्ष मानिकपुरी ने कलेक्टर तुलिका प्रजापति से भेंट कर नगरवासियों की समस्या बताते हुए जल संकट निराकरण के लिए अनुदान देने की मांग रखी है। उन्होंने अनुदान देना संभव नहीं हो तो नगर के तीन या चार स्थानो में बोर कराने का आग्रह किया है।

### डब्लूटीपी से नहीं मिल रहा पानी

ब्लाक के आर्सेनिक प्रभावित ग्रामों में पेयजल आपूर्ति के लिए पीएचई के समूह जल सयंत्र योजना के माध्यम से 23 गांवो में पानी सप्लाई की जा रही है। इस योजना के माध्यम से निकाय की तीन टंकियो को भी पानी मिलता था, लेकिन लो वोल्टेज की समस्या के चलते पीएचई विभाग नियमित रूप से पेयजल आपूर्ति नहीं कर रहा है जिससे नगर पंचायत को नलकूपों माध्यम से टंकियों को भरना पड रहा है। जल स्तर गिरने और लो वोल्टेज के चलते पंपो के नहीं चलने से निकाय पेयजल आपूर्ति नही कर पा रही है।

## पानी के लिए मचा हाहाकार

**डोंगरगढ़।** बढ़ती गर्मी के साथ धर्मनगरी के लोग पानी की कमी से हलाकान हो रहे है। जलस्त्रोत गिरने के कारण शासकीय एवं निजी बोर भी दम तोड़ने लगे है। पालिका क्षेत्र में पिछले 10 सालो में हुए बोर की स्थिति खराब हो चुकी है। तत्कालीन जनप्रतिनिधि एवं ठेकेदारों ने पुराने बोर को पुनः शुरू करने के नाम लाखों रूपए मरम्मत में खर्च किया किन्तु अपेक्षित परिणाम दिखाई नहीं दे रहा है। जानकारी के अनुसार जिन वार्डो में बोर कराया गया उसकी गहराई और केसिंग में काफी फर्क है। कई स्थानों पर 50 मीटर पर पानी निकलने के बाद 100 मीटर से अधिक खुदाई होना दर्शा दिया गया है। वर्तमान मे वाटर लेवल कम होने के कारण ऐसे बोर फेल हो गए हैं। जल संकट गहराने के बाद पालिका द्वारा टंकी लगाकर और टेंकर के माध्यम से पानी सप्लाई किया जा रहा है। विभिन्न जगहों पर लगाई गई टंकी की गुणवत्ता निम्न स्तर की है।

### जल मिशन योजना फेल

केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना भी करोड़ो खर्च होने के बाद भी फेल साबित हो रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में सिंचाई विभाग के माध्यम से बनाए गए स्टाप डेम भी गडबड़ी के चलते जलस्तर बढ़ाने में असफल नजर आ रहे हैं। वहीं अवैध ईट भट्टा के संचालक आसपास स्थित नहर, नाला एवं तालाबो से पानी खींचकर संकट और बढ़ा रहे हैं।

## आधा दर्जन गांव के लोग भटक रहे पानी के लिए

**मुसरा।** अंचल की ग्राम पंचायत छिपा, कातलवाही, मुसरा, कोलिहापुरी, आरबीरा, झिटिया, पारागाव कला सहित दो दर्जन से अधिक गांवो में जल संकट गहरा गया है। जल स्त्रोत के सूखने से ग्रामीणों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। ग्रामीण अपने संसाधनों से दूर से पानी ला कर अपनी प्यास बुझा रहे हैं। वर्तमान स्थिति को देखते हुए कहा जा रहा है कि आने वाले दिनों में अन्य गांव में भी जलसंकट खड़ा हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि इन दिनों गर्मी चरम पर है। लोगों को अधिक पानी की जरूरत पड़ रही है किन्तु स्थिति यह है कि लोगों को प्यास बुझाने के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है। वर्तमान में कूलर आदि में पानी का उपयोग होने से लोगों की समस्या दोगुनी हो गई है। संकट के गंभीर होने के बाद भी प्रशासन वैकल्पिक व्यवस्था करने में नाकाम नजर आ रहा है।

■ नदी नाले और तालाब सूखे

### सूख गए नदी-नाले

जानकारी के अनुसार विकासखंड के दर्जनों तालाब, नदी और नाले सूख गए है। नदी, नालों और तालाबों के सूखने से जानवरों के सामने भी जलसंकट खड़ा हो गया है। पानी की समस्या दिनों दिन विकराल रूप लेते जा रही है।

### जल मिशन फेल

ग्रामीणों को पर्याप्त पानी मुहैया कराने शुरू की गई जल जीवन योजना जमीनी स्तर पर फेल हो गई है। कई गांव में कार्य अधूरा है। कही पानी की टंकी बनी है तो पाईप नहीं बिछाया गया है। कुछ जगह काम पूरा होने के बाद भी नलों से पानी नहीं आ रहा। करोड़ों खर्च करने के बाद भी गांव के हालात जस के तस बने हुए हैं।

## अचानकपुर में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस धूमधाम से मना

# ग्रामीणों ने लिया ग्राम विकास का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

ग्राम पंचायत अचानकपुर में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पंचायत द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस मौके पर ग्रामीणों को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के महत्व के बारे में बताया गया। बताया गया कि 24 अप्रैल 1993 को 73वां संविधान संशोधन अधिनियम लागू हुआ था, जिसमें पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक दर्जा देते हुए त्रिस्तरीय पंचायत प्रणाली की नींव रखी। तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने 2010 में इस दिन को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस घोषित किया था, और तब से हर साल यह दिवस मनाया जाता है। ग्रामीणों को 73वें संविधान संशोधन के प्रमुख प्रावधानों जैसे त्रिस्तरीय संरचना,




महिलाओं और आरक्षित वर्गों के लिए सीटों का आरक्षण, नियमित चुनाव, वित्तीय स्वायत्तता और राज्य वित्त एवं चुनाव आयोग की स्थापना के बारे में भी बताया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने पंचायती राज व्यवस्था की मजबूती और ग्रामीण विकास में पंचायतों की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्थानीय स्वशासन के महत्व पर जोर दिया और पंचायत प्रतिनिधियों को सम्मानित करते हुए उन्हें मार्गदर्शन दिया।

### योजनाओं की दी गई जानकारी

डिजिटल इंडिया पहल अंतर्गत पंचायतों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के प्रयासों और ई-पंचायत परियोजना, स्वामित्व योजना जैसी विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सरपंच अमर सिंह मेरावी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए ग्राम पंचायत को आत्मनिर्भर, शिक्षित, स्वस्थ और स्वच्छ बनाने के साथ रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया। इस दौरान उप सरपंच अहिल्याबाई सिंहा, सचिव लालाराम जंघेल, सहायक सचिव दीनू कुंभकार, पंच अघनू साहू, शांति नाथु चिली, बलेश साहू, तिलक साहू, रेवती, कुंजलाल साहू, अशोक साहू, बसंती यादव, गीता साहू, ललती, जालम दास, कैलाम, सोहनबाई, राजेश, चंदू, संतोष कुंभकार, मनोज साहू, तुवा राम साहू, हिरेंद्र कुंभकार, राजेंद्र, मोहित साहू, रूपेश, मनहरन, खोरबहरा सहित अन्य मौजूद थे। सभी ने ग्राम विकास के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## ग्रामीणों को नहीं मिल रहा राशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पटेवा

शासकीय उचित मूल्य दुकान केकराजबोड़ के संचालक की मनमानी के चलते उपभोक्ताओं को समय पर राशन नहीं मिल रहा है। विक्रेता द्वारा इस माह पूर्ण भंडारण होने पर ही दुकान खोलने पर अड़ा था। इस आशय की खबर छपने पर संचालक मिनी माता स्व सहायता समूह सोनभट्ठा ने इस माह मात्र दो दिन राशन का वितरण करने के बाद यह कहकर दुकान बंद कर दिया है कि चांवल, नमक, शक्कर नहीं है। जब खाद्यान्न का भंडारण होगा तब दुकान खोला जाएगा। उपभोक्ताओं का कहना है कि कई बार विक्रेता द्वारा शक्कर ही नहीं दिया जाता।

■ दुकान संचालक की मनमानी से ग्रामीण परेशान

# आतंकी हमले के विरोध में लोगों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

पहलगाव में हुए आतंकी हमले पर रोष व्यक्त करते हुए स्थानीय हिन्दू संगठन ने प्रदर्शषन किया। संगठन से जुड़े लोगों ने आतंकवाद के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मृतकों को जयस्तंभ चौक में एकत्रित होकर श्रद्धांजलि दिया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नेतृत्व में सभी हिन्दू संगठन एवं भाजपा के जनप्रतिनिधियों ने श्रद्धांजलि सभा में आक्रोश जाहिर किया है। सभी ने केन्द्र सरकार से सख्ती से



पेश आकर आतंकियों को जवाब देने की मांग की। इस दौरान अमन नामदेव, तरूण हथेल, रामजी भारती, रमन डोंगरे, उमा महेश वर्मा, प्रकाश यादव, हरविंदर सिंग मंगे, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, महेन्द्र अग्रवाल, बिसनाथ यादव, मधुसूदन अग्रवाल, संजय श्रीवास्तव, जसमीत सिंह बन्नौआना, सविता दरगढ़, अचलासिंह ठाकुर, सुमित मिश्रा, सुमित ताम्रकर, सरफु खान, ज्योति बडवाईक, कैलाश सोनवानी, रामकुमार डडसेना, विनित साहू, शिवांगी खाखरे, प्रीति चमन समुंद्रे, द्वारिका शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा इलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉंच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतों की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 26 अप्रैल 2025



# गर्मी छुट्टी के बीच तीन दर्जन ट्रेनें रद्द, मुम्बई-दिल्ली जाने तलाशने होंगे विकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हरिभूमि सरोकार

गोंदिया-कलमना के बीच तीसरी लाइन को जोड़ने इंटरलॉकिंग कार्य किए जाने से राजनांदगांव के बीच 1 से 6 मई तक तीन दर्जन एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनें प्रभावित रहेगी। ट्रेनों के प्रभावित होने और देरी से चलने की वजह से राजनांदगांव से अपने गंतव्य के लिए सफर करने वाले रेल यात्रियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। ट्रेनों के रद्द होने से यात्री बसों में भीड़ बढ़ेगी। हावड़ा-मुम्बई रेल मार्ग पर राजनांदगांव से गुजरने वाली सुपर डीलक्स, सुपरफास्ट, एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनों को रद्द किया गया है। जिसमें 1 मई को हैदराबाद-रक्सौल, 1 से 5 मई तक टाटा इतवारी, 3 से 6 मई तक झरसुगुड़ा गोंदिया जेडी, 4 मई को रायगढ़ इतवारी लोकल, 4 से 6 मई जनशताब्दी, 2 मई पूरी-अहमदाबाद, 2 से 6 मई तक बरौनी एक्सप्रेस, 3 मई को गोंडवाना सुपरफास्ट दिल्ली-रायगढ़, 5 मई को गोंडवाना रायगढ़ - दिल्ली, 5 मई को एर्नाकुलम एक्सप्रेस, 4 मई को तिरुनेलवेली-बिलासपुर एक्सप्रेस, 4 मई को बिलासपुर-मद्रास रद्द रहेगी।

## कलमना से नांदगांव के बीच इंटरलॉकिंग कार्य के चलते 1 से 6 मई के मध्य प्रभावित रहेगी ट्रेनें

### डायवर्ट रूट से चलेगी ट्रेनें

रेलवे द्वारा कुछ ट्रेनों को इंटरलॉकिंग कार्य की वजह से डायवर्ट करके भी चलाया जा रहा है। जिसमें 5 मई को डायवर्ट रूट से भगत की कोठी बिलासपुर से कटनी होकर चलेगी। वहीं शालीमार लोकमान्य तिलक बिलासपुर से कटनी होकर जबलपुर से नागपुर चलेगी। हालांकि इन ट्रेनों की सुविधा नांदगांव वासियों को नहीं मिलेगी।

### खास बातें

- गर्मी की छुट्टियों में बड़ी संख्या में लोग जा रहे घूमने
- लगातार ट्रेनों के रद्द होने से आ रही दिक्कतें, यात्री परेशान



### देरी से चलने वाली ट्रेनें

रद्द और डाइवर्ट ट्रेनों के बीच कुछ ट्रेन देर से भी चलेगी। जिसमें 4 मई को आजाद हिंद पुणे-हावड़ा एक्सप्रेस 5 घंटे, कुर्ला-शालीमार एक्सप्रेस 1 घंटे, ज्ञानेश्वरी सुपर डीलक्स मुंबई-शालीमार 5 घंटे और शालीमार कुर्ला 7 घंटे देर से चलेगी। इंटरलॉकिंग कार्य के चलते यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश और शादियों के सीजन के चलते ट्रेनों में भीड़ रहती है। ऐसे में ट्रेनों के रद्द होने से लोगों को काफी समस्या होगी।

### गोंदिया में इंटरलाकिंग कार्य

गोंदिया स्टेशन में तीसरी रेल लाइन जोड़ने एलआई वर्क होगा, जिसके चलते लगभग 35 ट्रेनें प्रभावित होंगी। कुछ ट्रेनों को रीशेड्यूल किया गया है ।- **आरके बर्मन,** स्टेशन प्रबंधक

### नहर पास युवक मृत मिला

**राजनांदगांव।** नहर के पास एक युवक मृत अवस्था में मिला। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। मामले की जांच की जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार चिचोला पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत नहर में युवक मृत अवस्था में मिला। सुबह जब लोगों ने युवक को देखा, तब सनसनी फैल गई। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। पुलिस के अनुसार नहर सूखा था। जिसमें गिरने से युवक के सिर पर लग गया। जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक का नाम रामपुर निवासी संतोष 45 वर्ष बताया गया है।

### मांय एंगल




# घायल भरत रायपुर रेफर, संचालन समिति के खिलाफ एफआईआर, वजह जानने कोलकाता से आएंगे एक्सपर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर में रोप-वे गिरने से घटित घटना में प्रदेश भाजपा महामंत्री भरत वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। उनकी गंभीर हालत के चलते उन्हें इलाज के लिए रायपुर रिफर कर दिया गया है। इधर मामले में लापरवाही करने वाले रोप-वे संचालन समिति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। वहीं मंदिर ट्रस्ट ने भी देर शाम बैठक कर रोपवे संचालन में सुधार के लिए चर्चा की है। वहीं हादसे की मुख्य वजह जानने के लिए कोलकाता से एक्सपर्ट इंजीनियरों की टीम आएगी।

उल्लेखनीय है कि शुक्रवार की दोपहर पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा, प्रदेश भाजपा महामंत्री भरत वर्मा, भिलाई नगर निगम के उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह, मंदिर समिति के मनोज अग्रवाल और सुरक्षाकर्मी मां बम्लेश्वरी के दर्शन कर रोप-वे के जरिए लौट रहे थे। इस दौरान ही रोपवे की ट्रॉली नीचे गिरने से हादसा हो गया। जिसमें रामसेवक पैकरा को कंधे, पीठ और हाथ में मामूली चोंट आई है। इस घटना के बाद भरत वर्मा को राजनांदगांव के संजीवनी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती किया गया था, हालांकि यहां से हालत गंभीर होने के चलते उन्हें रायपुर रेफर कर दिया गया है।

## रोप-वे संचालन के लिए 14 लोगों की टीम, रोजाना मेंटेनेंस कार्य का दावा







**मौके पर पहुंचे भाजपाई :** डोंगरगढ़ हादसे के बाद जब भरत वर्मा को नांदगांव लाया गया, तो उनका हाल चाल जानने अस्पताल में भाजपा के कई नेता पहुंचे थे। इनमें मेयर मधुसूदन यादव, कोमल सिंह राजपुत, खुबचंद पारख, सचिन बघेल, सौरभ कोठारी, सावन वर्मा, पारस वर्मा के साथ ही कांग्रेस शहर अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा भी पहुंचे थे।

**वीआईपी ट्रॉली का ऐसा हाल :** डोंगरगढ़ मंदिर परिसर के रोपवे में जो ट्राली टूटी वह ट्राली थी। ऐसे में यहां ट्राली के मेंटेनेंस को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। अगर वीआईपी ट्रॉली की ऐसी स्थिति है, तो फिर आम ट्रॉली का हाल क्या होगा, यह बड़ा सवाल है। इधर ट्राली टूटने की सूचना मिलते ही खलबली मच गई। मंदिर समिति के पदाधिकारी और पुलिस मौके पर पहुंची। ट्रॉली किन परिस्थितियों में टूटी यह जांच का विषय है। हादसे के बाद रोपवे बंद कर दिया गया है और मरम्मत कार्य शुरू है। प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु रोपवे के माध्यम से ही मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए जाते हैं, ऐसे में चंद वर्ष पहले ही निर्मित हुए रोपवे का ऐसा हाल है तो फिर दर्शनार्थियों की सुरक्षा भगवान भरोसे ही है।

### व्हील राउंड के समय हादसा

घटना को लेकर जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने बताया कि वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा और अन्य भाजपा नेता जब मंदिर दर्शन कर लौट रहे थे, इसी वक्त उतरते समय अंतिम क्षण में ही ट्रॉली घूमने के दौरान व्हील के समीप रोप से टूट गई। जिससे यह हादसा हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश भाजपा महामंत्री भरत वर्मा को सर्वाइकल में चोंट लगी है। जिसका एमआरआई कराया जा रहा है। मां बम्लेश्वरी मंदिर परिसर डोंगरगढ़ में रोपवे की ट्राली जहां रोप से टूटी, वह सुरक्षित जगह था। ट्राली अपने अंतिम जगह पहुंच चुकी थी। जिससे एक बड़ा गंभीर हादसा टल गया।

### वीआईपी दर्शन पड़ा भारी, राहतः बड़ा हादसा टला

बताया गया कि रोजाना मैंटेनेंस के लिए रोप-वे का संचालन दोपहर में डेढ़ बजे से एक घंटे के लिए बंद किया जाता है। लेकिन भाजपा नेताओं के मंदिर पहुंचने के कारण उन्हें वीआईपी सुविधा देने रोप वे से आना-जाना किया गया। हालांकि राहत यह रही कि हादसा ट्रॉली के रुकने के दौरान हुआ, यदि यह हादसा बीच सफर में होता तो बड़ी घटना हो सकती थी।

# रंजिश के चलते चाकू के मूठ से किया हमला, दो पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



पुरानी रंजिश के चलते आरोपियों ने गाली-गलौज कर चाकू के मूठ से हमला कर युवक को चोंट पहुंचाया। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 2 अप्रैल को प्रार्थी ज्वेल जोसफ 39 साल निवासी उत्कर्स नगर डोंगरगढ़ ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह रात करीबन 9 बजे एमजे फ्यूल डोंगरगढ़ के पास खड़ा था। उसी समय इमरान खान एवं नकीब खान अपने दो साथियों के साथ दो मोटर साइकिल में आकर पुरानी रंजिश की बात को लेकर गाली-गुप्तार कर जान से मारने की धमकी देते हुए आरोपी नकीब खान अपने हाथ में रखे बटनदार चाकू के मूठ से प्रार्थी के सिर के पीछे वार कर चोंट पहुंचाया। रिपोर्ट पर थाना डोंगरगढ़ में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। पुलिस के अनुसार घटना दिनांक के बाद से इमरान खान एवं नकीब खान का लगातार पता तलाश किया जा रहा था। 24 अप्रैल को आरोपी इमरान खान एवं नकीब खान को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, जो अपने अन्य दो विधि से संघर्षरत बालक के साथ मिलकर घटना करना स्वीकार किया।

**चाकू व वाहन जब्त :** आरोपी नकीब खान से उसके घर से घटना में प्रयुक्त एक बटनदार चाकू एवं एक मोटर साइकिल और आरोपी इमरान खान से एक मोटर साइकिल को जब्त किया गया है। आरोपी इमरान खान एवं नकीब खान को धारा- 296(1), 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजने हेतु न्यायालय में पेश किया गया है।

## बंगाल की खाड़ी से आ रही नम हवाएं

# आज से लुढ़केगा दिन का तापमान, बेमौसम बारिश की भी बन रही संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मौसम में एक बार फिर बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार आज से अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री तक की गिरावट देखने को मिल सकती है। वहीं बेमौसम बारिश के भी हालत बन रहे है। बस्तर संभाग में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है, जिसका असर जिले में भी देखने को मिल सकता है।इधर मौसम विभाग के अनुसार एक पश्चिमी विक्षोभ मध्य क्षोभमंडल मे द्रोणिका के रूप में 72 डिग्री पूर्व और 32 डिग्री उत्तर में स्थित है। एक उत्तर दक्षिण द्रोणिका मराठवाड़ा मध्य से मन्नार की खाड़ी तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में कल 26 अप्रैल को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की सम्भावना हैं ।



प्रदेश में अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। फिर भी अनेक जिलों में हल्की गिरावट का दौर प्रारंभ होने की सम्भावना है ।

### दिनभर तेज धूप, रात तक गर्म हवाएं

मौसम की तपिश से लोग हलाकान है, अंचल का अधिकतम तापमान 44 डिग्री के करीब बना हुआ है। वहीं न्यूनतम तापमान भी 27 डिग्री के पास पहुंच गया है। हालत यह है कि सुबह से दोपहर तक तेज धुप से लोग परेशान है, वहीं देर रात तक गर्म हवाएं चल रही है।

## पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा

# मुस्लिम समाज ने फूंका आतंकवाद का पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का विरोध करते मुस्लिम समाज के लोगों ने शुक्रवार को शहर के महाकाल चौक पर आतंकवाद का पुतला जलाकर पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। वहीं आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए केंद्र सरकार से मांग की।

पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले को लेकर मुस्लिम समाज द्वारा इसकी कड़ी निंदा की जा रही है। गुरुवार को जहां राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर आतंकवाद के खात्मे की मांग की गई। वहीं आज मुस्लिम समाज के लोगों ने महाकाल चौक पर एकत्रित होकर आतंकवाद का पुतला फूंका। पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर आक्रोशित मुस्लिम समाज के लोगों ने आतंकवादियों की इस कायराना हरकत का कड़ा विरोध किया है। समाज के लोगों ने कहा कि दहशतगर्द किसी जाति या धर्म के नहीं होते हैं। धर्म पूछकर हिंदू भाइयों की हत्या करना काफी निंदनीय है। जिसकी जितनी भर्त्सना की जाए कम है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देकर आतंकवाद का खात्मा किया जाए। आतंकवाद का पुतला जलाने के दौरान मुस्लिम समाज के लीगल कमेटी अध्यक्ष मिर्जा हबीब बेग, युवा पदाधिकारी राजिक खान, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के संयुक्त महासचिव डॉ. आफताब आलम, डॉ. तहजीब अख्तर, राजिक सोलंकी सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के युवा और पदाधिकारी शामिल हुए।

### मौन श्रद्धांजलि दी

मुस्लिम समाज के युवाओं ने आतंकवादियों द्वारा निर्दोष पर्यटकों की हत्या को लेकर अपना विरोध जताते हुए मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मृतकों के परिजनों के प्रति मुस्लिम समाज की गहरी संवेदना है।

### आतंकवाद का खात्मा जरूरी

मुस्लिम समाज के लोगों ने इस आतंकवादी हमले को लेकर केंद्र सरकार से मांग की है कि आतंकवादी किसी भी जाति-धर्म से हो, उनका खात्मा जरूरी है। आतंकवादियों का जो साथ दे रहा है, उसका भी वही हर्ष किया जाए, ताकि इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो।



## सार समाचार

### वार्षिक परीक्षा के परिणाम जारी

**टाटेकसा।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टाटेकसा में गत दिनों कक्षा नवमीं और 11 वीं की परीक्षा के परिणाम घोषित किया गया। परिणाम शत-प्रतिशत रहा। परिणाम की घोषणा से पहले रेणुका, मोनिका एवं संध्या ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। इस दौरान शिशुपाल सिंह कंवर, वाणी विलास देवांगन, रोशनी कोटांगले, शेख नाजनी, धारिका साहू ने बच्चों को संबोधित किया। कक्षा नवमीं में डीगेश्वर पटेल प्रथम, यमेश्वरी द्वितीय, मनीष कुमार तृतीय स्थान पर रहा। परिणाम शत- प्रतिशत रहा। इसी प्रकार कक्षा 11 वीं में व्यासनारायण प्रथम, वैष्णवी द्वितीय और आकाश कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। यह जानकारी व्याख्याता उद्धव ठाकुर ने दी।

### स्थल परिवर्तन की मांग

**डोंगरगढ़।** मानिकपुरी समाज ने बम्लेश्वरी पहाड़ पर बन रहे परिक्रमा पथ में समाज के मंदिर को नजरअंदाज करने पर आपत्ति दर्ज कराया है। समाज के लोगों ने तहसील कार्यालय में ज्ञापन देकर मार्ग को बदलने की मांग की है। समाज के गोपाल मानिकपुरी ने बताया कि वह परिक्रमा पथ के निर्माण के विरोध में नही है, लेकिन कई वर्षों से स्थापित मंदिर की जगह को प्रभावित कर कराए जा रहे निर्माण और धार्मिक स्थल से छेड़छाड़ करने पर आपत्ति है। उन्होंने काम बंद कर स्थल परिवर्तन करने की मांग की है।

### अधिक से अधिक लगाए पौधे

**जेवरतला रोड।** अंतर्राष्ट्रीय पृथ्वी दिवस का आयोजन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में प्राचार्य आरके देवांगन की अध्यक्षता में किया गया।



उन्होंने कार्यक्रम के उद्देश्य और महत्व पर प्रकाश डालते हुए पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया। श्री देवांगन ने ग्लोबल वार्मिंग को कम करने के तरीके बताते हुए अधिक से अधिक पौधरोपण करने एवं वृक्ष संरक्षण पर जोर दिया। व्याख्याता टीएल देवांगन और हेपशिबा एंथोनी ने भी पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया। उन्होंने जल बचाओ करते हुए सिंचाई करने के विभिन्न तरीके बताए। संचालन स्वामी विवेकानंद इको एंड यूथ क्लब के प्रभारी अजय पाठक ने किया। इस अवसर पर चंद्रमणि वासनिक, पवन सिन्हा, हर्षा देवांगन, रीना बोरकर, भागवत साहू, महेश रावते, वेद प्रकाश साहू, चंद्रप्रकाश सोनबोइर, अनुराधा खरे, सुरेन्द्र नेताम, मोनिका निषाद, मयंक, मोहित, अभिषेक, साक्षी साहू आदि उपस्थित थे।

### नामकरण का वार्डवासियों ने किया विरोध

**डोंगरगढ़।** वार्ड 20 भुरवाटोला के नामकरण कर वार्डवासियों ने विरोध करते हुए यथावत रखने की मांग की है। उन्होंने इस आशय का ज्ञापन



अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को सौंपा है। वार्डवासियों ने बताया कि वार्ड 20 अंतर्गत मोहल्ले को आदर्श नगर, रजा नगर एवं भुरवाटोला के नाम से जाना जाता है, जिसे कुछ लोग बदलकर अंबेडकर नगर करने का प्रयास कर रहे है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह राजनीतिक समीकरण एवं वोट के लिए किया जा रहा है। उनका यह भी आरोप है कि इसकी आड़ में माहौल बिगाड़ने का प्रयास कुछ लोगों द्वारा किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि वार्ड के शीतला मंदिर में लोगों की भावना को ठेस पहुचाते हुए अन्य धर्म का झंडा लगा दिया गया था। यह मामला अधिकारी के हस्तक्षेप बाद शांत हो गया था। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि वार्ड 20 में 1100 मतदाता है। शहर में यह एकलौता वार्ड है जिसे आदिवासियों के नाम से जाना जाता है।

### नमाज के बाद फूंका आतंकवाद का पुतला

**डोंगरगढ़।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में शुक्रवार को नमाज के बाद आंतकवाद का पुतला दहन किया गया।




जामा मस्जिद के सामने हुए विरोध प्रदर्शन में मुस्लिम समुदाय के लोग शामिल हुए। मुस्लिम समाज ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है। मुस्लिम समाज ने इस घटना को इंसानियत, अमन और एकता पर हमला बताया। संस्था की ओर से जारी बयान में कहा गया कि आतंकवादी देश की एकता और अखंडता को तोड़ना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों से सरकार को कड़ाई से निपटना चाहिए।

### पैरावट में फिर लगी आग, टला हादसा

**गंडई पंडरिया।** झुरानदी के मेहतर वर्मा के पैरावट में अचानक आग लग गई।



आग की लपटें और धुएं का गुबार दूर तक दिखाई दे रहा था, जिससे गांव में अफरा-तफरी मच गई। तेज गर्मी के चलते पैरावट देखते ही देखते जलकर खाक हो गया। राहत की बात यह रही कि इस आगजनी में कोई हताहत नहीं हुआ। घटना की सूचना मिलते ही नगर पंचायत गंडई की दमकल गाड़ी मौके पर पहुंची और आग बुझाने जुट गई। नगर पंचायत के कर्मचारियों के साथ ग्रामीणों ने एकजुट होकर आग बुझाने में सहयोग किया जिससे आग को फैलने से रोका जा सका। ग्रामीणों ने बताया कि दोपहर तेज हवा के कारण आग के फैलने का खतरा मंडरा रहा था, जिसे समय रहते काबू में कर लिया गया। इस घटना के बाद नगर पंचायत प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वह लापरवाही से बचें और जलती बीड़ी, सिगरेट न फेंके। बिजली के तारों के नीचे पैरावट न रखने की भी सलाह दी गई है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटना से बचा जा सके।

### सड़क अतरिया में भागवत कथा शुरू

**सड़क अतरिया।** ग्राम सड़क अतरिया में गुरूवार को भव्य जल यात्रा के साथ श्रीमद भागवत कथा प्रारंभ हो गई है। सैकड़ों महिला और बालिकाओं ने सिर पर जल कलश रख गांव का भ्रमण किया। भजन कीर्तन करते हुए टोली कथा स्थल पहुंची। तत्पश्चात विधि विधान एवं मंत्रोच्चारण के साथ वेदी पूजा एवं घट स्थापना कर कथा का शुभारंभ किया गया। कथा वाचक आरंग निवासी नवीन कृष्ण महराज हैं। आयोजक ने लोगों से भागवत कथा का रसपान करने की अपील किया है।

## निधन



### रमेश विश्वनाथ पिंगले

**राजनांदगांव।** नेहरू नगर निवासी रमेश विश्वनाथ पिंगले 86 वर्ष (भूतपूर्व प्राचार्य आईटीआई लोहारा) का आज आकस्मिक निधन हो गया। वे कुछ समय से बीमार चल रहे थे। वे अपने पीछे वनिता रमेश पिंगले, पुत्र मिलिंद पिंगले, दामाद नितिन पिंगले, पुत्री सुनंदा पिंगले और नाती-पोतों का भरापूरा परिवार पीछे छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार कल 26 अप्रैल को स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा।

---

### मंडी में बचे फल, सब्जियों का कांजी हाउस में उपयोग

# कांजी हाउस में मवेशियों को मिला पौष्टिक आहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सुगम आवागमन एवं दुर्घटना से बचाने निगम की टीम शहर के प्रमुख चौक-चौराहों में घूमंतू एवं बैठे मवेशियों को पकड़ने की कार्रवाई करती है तथा पकड़े मवेशियों को कांजी हाउस में रखा जाता है। उक्त मवेशियों के पौष्टिक आहार देने नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा की पहल पर गंज मंडी में बचे फल सब्जी कांजी हाउस में लाया जा रहा है। मवेशियों को गर्मी के मौसम में चारा पानी सहित अन्य आवश्यक व्यवस्था सुचारू रूप से देने एवं उनकी सही देखभाल करने महापौर मधुसूदन यादव द्वारा निर्देश दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि घूमंतू मवेशी चौक-चौराहो में बैठ जाते हैं। जिससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है तथा मवेशी भी दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। इससे बचने तथा मवेशियों की सुरक्षा के लिए शासन द्वारा भी मवेशी धरपकड़ अभियान चलाने समय-समय पर निर्देशित किया जाता है।

शहर के चौक-चौराहों में बैठे मवेशियों को पकड़कर नगर निगम की टीम रेवाडीह एवं कन्हारपुरी कांजी हाउस में रखते है, जिसे अर्थदंड लेकर छोड़ा जाता है। कांजी हाउस में रखे मवेशियों को निगम द्वारा चारा पानी दिया जाता है।



मवेशियों को पौष्टिक आहार देने आयुक्त विश्वकर्मा निरीक्षण के दौरान गंज मंडी जाकर व्यापारियों से संपर्क कर बचे फल एवं सब्जी कांजी हाउस में देने कहा। जिसके परिपालन में विगत 15 दिनों से अधिक समय से गंज मंडी से बचे हुए फल एवं सब्जी कांजी हाउस में लाया जा रहा है, जिसे खाकर मवेशी पुष्ट हो रहे हैं।

#### नीलामी की प्रक्रिया भी

कांजी हाउस में रखे कुछ मवेशी जिन्हें बाहर से छोड़ा गया है और जिसे कोई लंबे समय से लेकर नहीं गया है, ऐसे मवेशियों को नीलाम करने की प्रक्रिया भी की जा रही है, ताकि जरूरतमंद लोग मवेशियों को ले जाकर उसका देखभाल कर सके। महापौर यादव ने भी बढ़ती गर्मी को देखते कहा कि कांजी हाउस में रखे मवेशियों की उचित देखभाल किया जाए और सभी आवश्यक व्यवस्था दुरूस्त कर उनके खाने-पीने की पर्याप्त व्यवस्था रखी जाए। वर्तमान में कांजी हाउस में रखे मवेशियों को मंडी का पौष्टिक आहार प्रतिदिन मिल रहा है। जिससे मवेशी पुष्ट एवं सुंदर हो रहे हैं।

---

# सट्टा पट्टी लिखते एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया



गंडई पुलिस ने 24 अप्रैल को रावणपारा में एक व्यक्ति को सट्टा खिलाते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान शिवकरण रात्रे उर्फ बनचखना पिता स्व. देवीदास रात्रे, उम्र 40 वर्ष, निवासी वार्ड 8 रावणपारा के रूप में हुई है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि वार्ड 8 रावणपारा में एक व्यक्ति अपने घर की छत पर अंकों और मोबाइल के माध्यम से रुपए का दांव लगाकर सट्टा पट्टी लिख रहा है और व्हाट्सएप के जरिए खाईवाल को भेज रहा है। सूचना की तस्दीक के बाद पुलिस टीम बताए स्थान पर पहुंची और घेराबंदी की। पुलिस को देखकर सट्टा खेल रहे अन्य लोग भागने में सफल रहे, लेकिन शिवकरण रात्रे को मौके पर ही पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 770 रुपए नगद, दो सट्टा पट्टी, एक डॉट पेन और एक हरे रंग का रियल मी कंपनी का पुराना मोबाइल जिसकी कीमत लगभग 10 हजार है बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी के मोबाइल का अवलोकन करने पर साहेब नामक सट्टा खाईवाल के मोबाइल नंबर से सट्टा पट्टी की चैट मिली है। आरोपी शिवकरण रात्रे के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ अधिनियम 2022 की धारा 6 और 7 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। बरामद सामान को जब्त कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। थाना प्रभारी भीम सेन यादव ने बताया कि मुखबिर सूचना के आधार पर दबिश दी गई थी। कार्रवाई कर आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया गया है।

### परीक्षा परिणाम की घोषणा 28 को

**सड़क अतरिया।** दाऊ गुलाबदास वैष्णव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सड़क अतरिया में आगामी 28 अप्रैल को स्थानीय परीक्षा के परिणाम घोषित किया जाएगा। स्कूल के प्राचार्य खेमराज सिन्हा ने शिक्षा समिति के अध्यक्ष, सदस्य तथा सभी छात्रों से सुबह 9 बजे विद्यालय में उपस्थित होने की अपील किया है।

---

## अधिवक्ता संघ ने किया निंदा प्रस्ताव



**छुईखदान।** अधिवक्ता संघ छुईखदान ने 25 अप्रैल को संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों की उपस्थिति में बैठक आयोजित कर पहलगाम में हुए आतंकी हमले के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया। अधिवक्ता संघ ने प्राकृतिक सुंदरता से परिपूर्ण पहलगाम में हुई आतंकी घटना को शर्मनाक और कायरता पूर्ण बताया है। इस घटना ने कई परिवारों को तबाह कर दिया है। अधिवक्ता संघ छुईखदान इस घटना की निंदा करते हुए भारत सरकार से आतंकवादियों के विरुद्ध तत्काल कठोर कदम उठाने की मांग की है। अधिवक्ता संघ मृतकों के प्रति संवेदन व्यक्त किया है।

## आतंकी हमले की निंदा, मृतकों को श्रद्धांजलि

**गंडई पंडरिया।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले में निर्दोष नागरिकों की मौत होने पर भाजपा ने नगर के तिरंगा चौक पर शोकसभा आयोजित किया। शोकसभा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कैंडल जलाकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया।



इस अवसर पर गंडई भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने इस कायराना हमले की निंदा करते हुए कहा कि यह हमला मानवता पर गहरा आघात है। इस दुख की घड़ी में हम दुःखी परिवारों के साथ खड़े हैं। उन्होंने सरकार से आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का आह्वान किया। पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश मेहता ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि आतंकवाद को उखाड़ फेंकने के लिए एकजुट होकर संघर्ष करना होगा। शोकसभा में मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर, राजेश मेहता, विक्की अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, नारायण शर्मा, राजू जंघेल, राकेश जयसवाल, अमित शर्मा, जितेंद्र पटेल, त्रिभुवन देवांगन, नारायण शर्मा, लेखराम साहू, नंदा यादव, हसन खान, राकेश टंडन, रोहन ताम्रकार, संजय सेन, अशोक देवांगन, योगेश साहू, धर्मेंद्र पटेल,संजय राजपूत सहित पार्षद और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---

# एसपी ने ली रेलवे सुरक्षा समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



एसपी मोहित गर्ग ने रेलवे सुरक्षा समिति की एक बैठक लेकर आम जनता को सायबर अपराधों एवं नशे के दुष्प्रभावों के संबंध में जागरूक करने स्टेशन परिसर में एनाउंसमेंट एवं टीवी डिसप्ले में संबंधित टेम्पलेट प्रदर्शित करने सायबर फ्रॉड से संबंधित शिकायत हेतु डॉयल 1930 नंबर, गुम बच्चों के संबंध में डॉयल 1098, महिला सुरक्षा हेतु जारी अभिव्यक्ति एप एवं मोबाइल गुमने के संबंध में सीईआईआर पोर्टल के संबंध में लोगों को जागरूक करने निर्देशित किया।

पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग द्वारा 24 अप्रैल को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में रेलवे सुरक्षा समिति की समीक्षा बैठक लिया गया। जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, आरपीएफ डोंगरगढ़ निरीक्षक प्रशांत अडलक, आरपीएफ राजनांदगांव निरीक्षक तरूणा साहू, थाना प्रभारी लालबाग प्रक्षिशु आईपीएस ईशु अग्रवाल, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रामेंद्र सिंह, थाना प्रभारी सोमनी निरीक्षक सत्यनारायण, पुलिस चौकी प्रभारी निरीक्षक उमेश बघेल, पुलिस चौकी प्रभारी तुमडीबोड़ उपनिरीक्षक कैलाश मरई, जीआरपी राजनांदगांव उपनिरीक्षक जेएल तिवारी, जीआरपी राजनांदगांव प्रधान आरक्षक मौजूद रहे।

एसपी श्री गर्ग ने कहा कि रेलवे स्टेशन एवं स्कूल-कॉलेजों के आसपास पान ठेलों में प्रायः तम्बाखू उत्पाद अवैध रूप से विक्रय किए जाते हैं। अधिक से अधिक कोटपा एक्ट के तहत कार्रवाई सुनिश्चित करें। रेलवे स्टेशनों में जितने भी कुली, सफाईकर्मी हैं उनकी पहचान संबंधी जानकारी आरपीएफ, जीआरपी रजिस्टर में संधारित कर रखें तथा जितने भी आटो वाले हैं, उनकी जानकारी थाना प्रभारी रजिस्टर में संधारित करके रखें। रेलवे स्टेशन परिसर, पार्किंग से बाइक चोरी की घटनाओं पर नियंत्रण एवं आरोपियों की शीघ्र पतासाजी हेतु सीसीटीवी कैमरे लगवाने हेतु निर्देशित किया गया है।

#### नशे के दुष्प्रभावों पर करें जागरूक

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने कहा कि आम जनता को सायबर अपराधों एवं नशे के दुष्प्रभावों के संबंध में जागरूक करने हेतु स्टेशन परिसर में एनाउंसमेंट एवं टीवी डिसप्ले में संबंधित टेम्पलेट प्रदर्शित किया जाना सुनिश्चित करें। सायबर फ्रॉड से संबंधित शिकायत हेतु डॉयल 1930 नंबर, गुम बच्चों के संबंध में डॉयल 1098, महिला सुरक्षा हेतु जारी अभिव्यक्ति एप एवं मोबाइल गुमने के संबंध में सीईआईआर पोर्टल के संबंध में अवगत कराया जाए। प्रत्येक रेलवे स्टेशन में जिला राजनांदगांव के पुलिस कंट्रोल रूम का नंबर डिसप्ले किया जाए। रेलवे स्टेशन डोंगरगढ़, राजनांदगांव में महीने में कम से कम 2-3 बार रेंडमली डीएफएमडी, एचएचएमडी उपकरण के माध्यम से चेंकिग कार्रवाई करने निर्देश दिया गया।

#### माकड्रील करें

पार्किंग में यदि संबंधित ठेकेदार द्वारा सीसीटीवी कैमरा नहीं लगवाया गया हो तो आरपीएफ, जीआरपी के साथ-साथ संबंधित थाना प्रभारी उक्त ठेकेदार को आवश्यक समझाईश देकर सीसीटीवी कैमरा लगाया जाए। रेलवे स्टेशन में किसी अप्रिय बड़ी घटना की स्थिति से निपटने जीआरपी, आरपीएफ एवं जिला पुलिस बल व रेलवे के रिस्पांस टाईम आदि पर ध्यान रखने मॉकड्रिल आवश्यक रूप से कराया जाए। रेलवे स्टेशन के प्रवेश द्वारों पर विशेष सतर्कता बरती जाए और अराजक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाए। साथ ही रेलवे में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करते किसी आरोपी को पकड़ा जाता है तो उनका पूरा विवरण लिया जाए। आरपीएफ, जीआरपी, जिला पुलिस बल आपस में समन्वय स्थापित कर संयुक्त रूप से कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत कार्यक्रम आयोजित कर जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने हिदायत दिया गया।

## जालबांधा में रक्तदान शिविर आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जालबांधा



कबीर पब्लिक स्कूल एवं सतनाम ब्लड डोनेशन फाऊंडेशन राजनांदगांव के संयुक्त तत्वावधान में कल 26 अप्रैल को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन कबीर पब्लिक स्कूल प्रांगण में किया जा रहा है। कार्यक्रम के संयोजक ताम्रध्वज वर्मा ने बताया कि उक्त शिविर में रक्तदान करने वाले लोगों को उपहार स्वरूप हेलमेट प्रदान किया जाएगा। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर रक्तदान करने की अपील की है।




### नो पार्किंग, अतिक्रमण पर कार्रवाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सुगम यातायात व्यवस्था के लिए यातायात पुलिस दवारा अभियान छेड़ा गया है। जिसके तहत नो-पार्किंग में खड़े वाहनों व सड़क के बाहर दुकान का सामान रखने पर कार्रवाई की गई है। यातायात पुलिस टीम नगर निगम अमले की उपस्थिति में शहर के महावीर चौक से जयस्तंभ चौक, जूनीहटरी, गुड़ाखू लाइन, आजाद चौक में रोड पर सफेद पट्टी के बाहर सामान लगाकर एवं अतिक्रमण कर व्यवसाय करने वाले व्यवसायियों पर कार्रवाई कर सामानों को हटाया गया। साथ ही शहर में बेतरतीब खड़े नो-पार्किंग एवं अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन पर कुल 49 वाहनों पर कार्रवाई कर 26900 रुपए समन जुर्माना वसूला गया। पुलिस ने शहर के सभी व्यवसायी से अपील है कि रोड के बाहर सामान न लगाएं एवं सभी वाहन चालक अपने वाहनों को निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही पार्किंग करें।






# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, शनिवार 26 अप्रैल 2025





**निरीक्षण:** वार्डवासी सक्रिय रूप से कर रहें प्रशासन का सहयोग, अतिक्रमण हटाने दिखा रहे सहभागिता

# कलेक्टर व नपाध्यक्ष ने सड़क चौड़ीकरण के लिए वार्डवासियों से अतिक्रमण हटाने अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कलेक्टर गोपाल वर्मा और नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने शुक्रवार को ठाकुरदेव चौक से पैदल चलकर सड़क निर्माण कार्य में खुद को भागीदार बनाया। प्रशासन, वार्डवासी, वरिष्ठ नागरिक और पाषर्दों ने मिलकर अतिक्रमण हटाने का आह्वान किया, जिसमें वार्डवासियों ने सक्रिय रूप से सहयोग किया। इस अवसर पर शहर के ठाकुर देव चौक, घोठिया और नए बस स्टैंड मार्ग पर हो रहे सड़कों के निर्माण कार्य का भी अवलोकन किया गया। मुख्यमंत्री श्री साय सरकार के प्रयासों के तहत समृद्ध कवर्धा-सुव्यवस्थित कवर्धा मॉडल पर शहर का समग्र विकास किया जा रहा है। इस महत्वपूर्ण पहल के तहत प्रशासन और नागरिकों के सामूहिक प्रयासों से कवर्धा शहर में परिवर्तन के संकेत स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं।

कलेक्टर गोपाल वर्मा ने नागरिकों से अपील की कि वे इस विकास कार्य में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं और शहर को एक नई दिशा देने में मदद करें। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने भी वार्डवासियों को विश्वास दिलाया कि यह सड़क निर्माण कार्य शहर की व्यवस्था और विकास के लिए आवश्यक है, जिससे शहरवासियों को बेहतर सुविधा मिलेगी। इस दौरान अपर कलेक्टर व कवर्धा एसडीएम मुकेश रावटे, तहसीलदार परमेश्वर मंडावी, सीएमओ रोहित साहू, पार्षद रिंकेश वैष्णव, अजय ठाकुर, सुनील साहू, डोनेश ठाकुर, हरीश साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक सहित जनप्रतिनिधि, वार्डवासी उपस्थित थे। सड़क निर्माण कार्य के दौरान कलेक्टर गोपाल वर्मा ने वार्डवासियों से सड़क चौड़ीकरण के लिए अतिक्रमण हटाने की अपील की। उन्होंने कहा कि वार्डवासियों ने इस प्रयास में सक्रिय रूप से सहयोग किया है और अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया में सहभागिता दिखाई है। कलेक्टर ने बताया कि यह कदम सड़क को चौड़ा करने और शहर के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी कहा कि नई सड़क के निर्माण से कवर्धा शहर को सुसज्जित और आधुनिक रूप मिलेगा, जिससे क्षेत्र का विकास होगा। कलेक्टर ने यह स्पष्ट किया कि अतिक्रमित स्थान को ही हटाया जाएगा, ताकि सड़क का विस्तार हो सके। इसके परिणामस्वरूप, व्यापार, व्यवसाय और आवागमन में सुधार होगा और कवर्धा के नए हाईटेक बस स्टैंड की उपयोगिता भी बढ़ेगी, जिससे जिले के नागरिकों और बाहरी यात्रियों को भी अधिक सुविधाएं प्राप्त होंगी। इस पहल से न केवल कवर्धा शहर में बुनियादी ढांचे में सुधार होगा, बल्कि यह शहरवासियों के लिए एक नई राह भी खोलेगा, जिससे समग्र रूप से शहर की छवि और व्यवस्था में बेहतरी आएगी।





## नपाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी ने लोगों से की अपील

नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि सड़क निर्माण कार्य में सभी का सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विश्वास जताया कि नागरिकों के समर्थन से सड़क निर्माण कार्य जल्द पूरा होगा और इसके बाद कवर्धा नगर समृद्ध कवर्धा-सुव्यवस्थित कवर्धा के मॉडल पर विकसित होगा। उन्होंने बताया कि यह विकास कार्य विष्णुदेव साय के नेतृत्व और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। ठाकुर देव चौक से हाईटेक बस स्टैंड तक बनाई जा रही नवीन चौड़ी और पक्की सड़क कवर्धा शहर के लिए अत्यधिक उपयोगी साबित होगी। यह मार्ग शहरवासियों के लिए आवागमन में सुगमता और सुविधा प्रदान करेगा। चौड़ी सड़क बनने से व्यस्त समय में ट्रैफिक जाम की समस्या का समाधान होगा और यात्रियों को राहत मिलेगी। साथ ही यह मार्ग शहर के अन्य हिस्सों को हाईटेक बस स्टैंड से जोड़ने में अहम भूमिका निभाएगा, जिससे यात्रियों और दैनिक यात्रियों के लिए यह मार्ग सुरक्षित और तेज होगा।

## कलेक्टर व नपाध्यक्ष ने सड़क निर्माण कार्य का किया अवलोकन, दिए निर्देश

शहर के बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण कार्य को लेकर प्रशासन अब पूरी तरह सतर्क हो गया है। कलेक्टर और नगर पालिका अध्यक्ष ने शुक्रवार को ठाकुरदेव चौक से जुनवानी हाईटेक बस स्टैंड तक 11 करोड़ रुपए की लागत से बन रही सड़क का स्थल अवलोकन किया। इस दौरान कलेक्टर और अध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य को तय समय सीमा में हर हाल में पूर्ण किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क निर्माण कार्य पूरी तरह गुणवत्ता मानकों के अनुरूप हो। निर्माण सामग्री से लेकर लेवलिंग, ड्रेनेज और डामरीकरण तक हर स्तर पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि निर्माण कार्य की नियमित निगरानी, मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि निर्माण कार्य के दौरान नागरिकों को कम से कम असुविधा हो।

# कही भी प्राइवेट स्कूल खोलने मान्यता दी जा रही है

- कही भी खोले जा रहे है निजी स्कूल, जिम्मेदार विभाग की अनेदखी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

शासन द्वारा प्राइवेट स्कूल खोलने के लिए धड़ल्ले से परमिशन दिया जा रहा है, प्राइवेट स्कूलों की जनसंख्या ग्रामीण क्षेत्र हो या शहरी क्षेत्र में हो बढ़ता जा रहा है, बिना जांच पड़ताल के शिक्षा विभाग द्वारा धड़ल्ले से परमिशन दिया जा रहा है। स्कूलों में अभी गर्मी की छुट्टी लग गई है, प्राइवेट स्कूल टीचर बच्चो के एडमिशन के लिए घर-घर जाकर संपर्क कर रहे है।



आज कल सरकारी स्कूल की बजाए प्राइवेट स्कूलों में छात्र छात्राओं की संख्या अधिक है, यदि सरकारी स्कूलों में भी स्कूल खुलने के पहले घर-घर संपर्क किया जाए और सुविधाए दिए जाए तो सरकारी स्कूलों में भी बच्चों की संख्या बढ़ेगी। इस ओर शासन प्रशासन व शिक्षा विभाग को ध्यान देने की आवश्यकता है यदि शासन प्रशासन सरकारी स्कूलों में छात्र-छात्राओं को एडमिशन के लिए प्रयास करे तो परिणाम सार्थक ही निकलेगा ग्रामीण लोगो को जागरूक करने की आवश्यकता है घर-घर जाकर पालक से मिलकर छात्र-छात्राओं को स्कूलों में दाखिल करने के लिए कुछ आगे आकर काम करना होगा तभी सरकारी स्कूल बचेंगे नही तो पलको का रुझान अब ज्यादातर निजी स्कूलों की तरफ ज्यादा दिख रहा है। सरकार के जवाबदार शिक्षा विभाग को प्राइवेट स्कूल खोलने के परमिशन देने के पहले स्थल निरीक्षण करना चाहिए स्कूल खोलने का लिए जगह लायक है या नहीं है।

जहां छोटे बच्चों से लेकर बड़े बच्चे तक पढ़ने आते हैं स्कूल खोलने के लिए जगह लायक है या नहीं कितना बड़ा जगह है खेल मैदान है कि नही जिसमें प्राथमिक से लेकर हायर सेकंडरी तक प्रर्याप्त जगह है कि नही बालक बालिका पढ़ने आते हैं उसके लिए जगह सुरक्षित होना चाहिए यह शासन प्रशासन को ध्यान में रखते हुए प्राइवेट स्कूल खोलने का परमिशन दिया जाए यह नहीं की बिना जगह देखें मिली भगत के चलते परमिशन दे दिया जाता है और इसका नतीजा बाद में कुछ और होता है

## हाई स्कूल में कक्षा 9वीं की परीक्षा परिणाम घोषित



**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय हाई स्कूल रौचन मे शिक्षा सत्र 2024-25 अंतर्गत कक्षा 9वी का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमे छात्रा मोनिका साहू 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शाला में प्रथम प्राप्त पर रही वहीं छात्रा भूमिका साहू 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय एवं गुनेश्वरी साहू तृतीय रही। शासकीय हाई स्कूल रौचन में शिक्षा सत्र 2024-25 में कक्षा 9वी के 84 विद्यार्थियों मे से 07 अनुपस्थित व 04 पूरक एवं 49 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, परीक्षा परिणाम 62 प्रतिशत रहा। जिस पर अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति हाई स्कूल रौचन लक्ष्मण श्रीवास ने उत्तीर्ण विद्यार्थियों को अंक सूची एवं कक्षा दसवीं के पाठ्य पुस्तक का वितरण करते हुए कहा कि अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को निराश नहीं होना चाहिए क्योकि प्रयास करने से सफलता मिलती है, पूरक प्राप्त विद्यार्थियों के साथ-साथ अनुत्तीर्ण विद्यार्थी भी पुनः एक बार उत्तीर्ण होने हेतु अवसर परीक्षा में बैठने हेतु दिया जाएगा। पूरक एवं अवसर परीक्षा माह जून में आयोजित की जाएगी, इसके लिए सभी पात्र विद्यार्थी मन लगाकर अध्ययन करने में लग जाए प्रयास करने से सफलता अवश्य मिलती है, अंत में अध्यक्ष द्वारा 25 अप्रैल से 15 जून तक शासन द्वारा निर्देशित ग्रीष्म अवकाश की घोषणा की सफल विद्यार्थियों को बधाई एवं कक्षा दसवीं में प्रवेश हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की गई। परीक्षा परिणाम कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य शिवकुमार सिन्हा, व्याख्याता गण संजय कुमार कुर्रे, डोंगर सिंह मरकाम, अजय सिंह ठाकुर, नितेश कुमार सिंह, आरती श्रीवास व छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

## खबर संक्षेप

### प्रसव पीड़ा में तड़प रही महिलाओं के लिए जीवनदायी बनी डायल 112 वाहन टीम

**हरिभूमि कवर्धा।** जिले में आमजन को त्वरित और प्रभावी सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से कबीरधाम पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह द्वारा डायल वाहन 112 में तैनात समस्त अधिकारियों एवं जवानों को हर प्रकार की आकस्मिक परिस्थितियों में आम नागरिकों को हर संभव मदद प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल के मार्गदर्शन में डायल 112 में तैनात पुलिसकर्मी अपने कर्तव्यों का पालन निष्ठा, संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कर रहे हैं। लगातार प्रयासरत यह टीम आम जनता को समय पर राहत पहुंचाने में एक मजबूत कड़ी के रूप में कार्य कर रही है। शुक्रवार को डायल 112 की टीमों द्वारा जिले के दो अलग-अलग क्षेत्रों से प्राप्त प्रसव संबंधी सूचनाओं पर त्वरित प्रतिक्रिया देते हुए दो गर्भवती महिलाओं को समय रहते चिकित्सा सुविधा तक पहुंचाकर मानवीय सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया गया। इन मामलों में पुलिस जवानों की तत्परता, सूझबूझ और जिम्मेदारी स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई। जिसमें ग्राम सोढ़ा में ईआरवी पिपरिया पैंथर 02 (इवेंट क्रमांक एमकेडी 07 को सूचना प्राप्त होते ही भुवनेश्वर नाथ योगी एवं चालक पोषण ने तत्काल मौके पर पहुंचकर कॉलर मुकेश मानिकपुरी की पत्नी श्रीमती रचना मानिकपुरी को प्रसव पीड़ा की स्थिति में जिला अस्पताल कवर्धा पहुंचाया।

# अवैध शराब तस्करी में संलिप्त पांच आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे



- तीन अलग-अलग मामलों में कुल 199 पौवा मदिरा व तीन मोटर सायकल किया जप्त।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा

जिले में बढ़ती अपराध व अपराधिक गतिविधियो जैसे अवैध शराब बिक्री व परिवहन, सट्टा, जुआ के विरुद्ध कार्यवाही करने पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह द्वारा सभी थाना चौंकी-प्रभारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसी कड़ी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं पंकज पटेल तथा अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया भूपत सिंह धनेश्री व थाना प्रभारी कुण्डा निरीक्षक महेश प्रधान को शुक्रवार को विश्वनीय मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस की अलग-अलग टीमों द्वारा ग्राम सेन्हाभाठा (पानी टंकी के पास), ग्राम पेंड्रीकला (हाफ नदी पुल के पास) एवं सतनामी पारा कुण्डा (माकरी रोड, तालाब के पास) से घेराबंदी कर त्वरित कार्यवाही की गई।

जिसमें प्रथम प्रकरण में आरोपी महेन्द्र दिवाकर पिता राजकुमार दिवाकर आयु 24 वर्ष निवासी सारंगपुर थाना फास्टरपुर जिला मुंगेली एवं डोमेश चेस्कपर पिता पुरनदास आयु 24 वर्ष निवासी बोदा थाना फास्टरपुर जिला मुंगेली के संयुक्त कब्जे से कुल 72 पौवा देशी प्लेन मदिरा कुल 12.960 बल्क लीटर, अनुमानित कीमत 5760 व मोटर सायकल होंडा सीडी 110, क्रमांक सीजी 28 एम 6029 कीमत 45,000 जब्त की गई। वहीं द्वितीय प्रकरण में आरोपी चैतराम बंजारे पिता गुनारी बंजारे आयु 61 वर्ष एवं गौरव बंजारे पिता मोहन बंजारे आयु 23 वर्ष निवासी सोमनापुर चौकी दामापुर थाना कुण्डा के कब्जे से कुल 77 पौवा देशी प्लेन मदिरा कुल 13.860 बल्क लीटर, अनुमानित कीमत 6160 तथा एक पुरानी मोटर सायकल फैंशन प्रो बिना नंबर, काला रंग, अनुमानित कीमत 40,000 जब्ती की गई। तथा तृतीय प्रकरण में आरोपी भोला साहू पिता नकुल साहू आयु 30 वर्ष निवासी कुआमालगी चौकी दामापुर थाना कुण्डा के कब्जे से 50 पौवा देशी प्लेन मदिरा (कुल 9.00 बल्क लीटर कीमत 4000) एवं एक पुरानी मोटर सायकल (बजाज सीटी 100, क्रमांक सीजी 09 जेएल 6199 लाल रंग कीमत 50,000) जब्त की गई।

वहीं इस तीन अलग-अलग मामले में कुल बरामदगी 54,000 रही। वहीं पांच आरोपियों से कुल 199 पौवा देशी प्लेन मदिरा और तीन मोटर सायकल जब्त की गईं। तथा आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2), 59 (क) के तहत कार्यवाही कर जेल भेजा गया।

# पंडरिया कांग्रेस ने पहलगाम शहीदों को दी श्रद्धांजलि




हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पंडरिया ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि। वहीं पंडरिया गांधी चौक में गुरुवार को बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता व पदाधिकारी शामिल हुए और आतंकी हमले कि निंदा की और हमले में शहीद हुए 27 लोगों को केंडल मार्च निकालकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

ब्लॉक अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि निर्दोष पर्यटकों को पाकिस्तान समर्थित आतंवादियों के द्वारा जिस तरह से मारा गया है वो बहुत ही दुःखद है, इस हमले से पूरा देश दुखी और आक्रोशित है साथ ही इस घटना की जितनी भी निंदा की जाए वो कम है। एक बार फिर से पाकिस्तान का घिनौना चेहरा उजागर हुआ। हम सरकार से मांग करते हैं की हमलावरों को ऐसा सबक सिखाना चाहिए की आने वाली नस्लें भारत पर हमला करने से पहले सौ बार सोचें।

इस दौरान राधेलाल भास्कर, गुरुदत्त शर्मा, पारस बंगानी, शुभाष पूरी गोस्वामी, गौतम शर्मा, शिव कुमार तिवारी, मनीष शर्मा, रवि चंद्रवशी, घनश्याम साहू, विवेक जैन, सुनील ठाकुर, गोलू ठाकुर, सुजीत कुम्भकार, चंद्रभान टंडन, मुकेश संवरा, शैलेन्द्र गुप्ता, नीलू शर्मा, श्याम लाल धुलिया, आशीष तिवारी, विजय मेहता, रामकुमार गायकवाड़, रवि मानिकपुरी, एडवर्ड मसीह, आशु साहू, सुजल ठाकुर, विकास देवांगन, थालेश देवांगन, राजू यादव, भोला यादव, सोनू यादव, गोलू टंडन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थें।

# विधायक की अनुशंसा पर बोर खनन हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा

पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा के अनुसंशा पर विभिन्न ग्राम पंचायतों में आम आदमियों के लिए पेयजल उपलब्ध कराने हेतु बोर खनन का कार्य किया गया। 40 अंश के तापमान में जहां जिले में जल स्तर काफी नीचे चला गया है, इसी वजह से कई पुराने बोरो में लगभग पानी आना बंद हो गया। जिसके चलते आम नागरिकों एवं ग्रामीणों को निस्तारी एवं पेयजल में समस्या आने लगा है, वहीं इस समस्याओं से ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा को अवगत कराया, जिसे गंभीरता से लेते हुए उन्होंने विधानसभा पंडरिया अंतर्गत ग्राम कुण्डा के आरक्षी केंद्र परिसर, ग्राम पंचायत खम्हरिया के आश्रित ग्राम गुंझेटा, ग्राम पंचायत खरहट्टा के आश्रित ग्राम केशलमरा एवं ग्राम पंचायत भुवालपुर के सार्वजनिक स्थलों पर बोर खनन का कार्य विधायक भावना बोहरा के अनुसंशा पर हुआ। बोर खनन से निश्चित रूप से क्षेत्र ग्रामीणों को पेयजल एवं निस्तारी के समस्याओं से निजात मिलेगा



विभिन्न ग्रामों में बोर खनन पर बालमुकुंद चंद्रवंशी, मुकेश सिंह, कृष्णा चंद्राकर, संतोष चंद्रवंशी मनोज ठाकुर, गणेश यादव, अमन रमन खनूजा, राजेंद्र गबेल, गणेश सोलंकी, राजू श्रीवास, सूरज यादव, रामकुमार गबेल, शशांक शर्मा, प्रताप सेन, रामनाथ चंद्राकर, अंबिका गोलू सोनवानी, सरपंच हरेंद्र चंद्राकर एवं समस्त क्षेत्रवासियों ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया।

## अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने काम कर रही है साय सरकार



**हरिभूमि कोलेगांव।** एक समय था जब लोग आवास में नाम जुड़वाने भटकते रहते थे, केंद्र सरकार के आबंटन के बाद भी तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा आवास को रोक गया था। तत्कालीन पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा मुख्यमंत्री का नाम नहीं होने के कारण आवास को लेने से मनाकर दिया गया था, जबकि केंद्र में मोदी की सरकार आने के बाद व्यक्ति विशेष के नाम पर बनने वाले आवास को हटाकर प्रधानमंत्री आवास योजना किया गया ये महानता है मोदी सरकार की। जिस तरह से केंद्र सरकार द्वारा हर गरीब को उनका पक्का मकान देने के उद्देश्य के साथ बड़े स्तर पर काम शुरू किया गया, उसका सीधा लाभ अब छत्तीसगढ़ के गरीब मजदूर किसानों को मिलना शुरू हो गया है, सरकार बदलते ही छत्तीसगढ़ में बनी भाजपा की सरकार मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अगुवाई में एक मुहिम की तरह काम कर रही है। जनपद पंचायत पंडरिया सभापति अश्वनी यदु का कहना है की सरकार बिना भेद-भाव के हर पात्र हितग्राही के घर पहुंच रही है, वहीं सरकार दृढ़ इच्छा के साथ आवास योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा रही है, जिनके भी कच्चा मकान है उनका नाम प्राथमिक के साथ जोड़ा जा रहा है जिस उद्देश्य से मोर द्वार साय सरकार अभियान चलाया जा रहा है, हर पात्र हितग्राही अब इससे सीधे तौर से जुड़ रहे हैं हर व्यक्ति सरकार के योजना से संतुष्ट एवं खुश दिखाई दे रहे हैं हर गांव के जनमानस में छत्तीसगढ़ की साय सरकार मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पाण्डेय, पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा का प्रशंसा एवं आभार व्यक्त किया जा रहा है। अश्वनी यदु ने कहा की आज इस अभियान के तहत ग्राम पंचायत पटुवा में पात्र हितग्राहियों का नाम जोड़ा गया, जिसमें ग्राम पंचायत के सरपंच दिलीप बघेल, उपसरपंच दद्दुवा चंद्राकर, रोजगार सहायक घनश्याम काठले, आवास मित्र घनश्याम निषाद व गणमान्य नागरिक तथा ग्रामवासी गण उपस्थित थें।

**आवागमन में हो रही दिक्कतें, स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ रहा**

# सड़क से उड़ रही धूल ग्रामीण व राहगीर परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया

नगर पंचायत पंडरिया में बॉयपास रोड के अभाव में नगर की मुख्य चौंक चौराहों से छोटी-बड़ी सहित भारी वाहनों की आवाजाही सुबह से देर रात तक लगा रहता है। जिससे उठने वाली धूल-गुब्बार से आवागमन में ग्रामीणों व राहगीरें को भारी दिक्कतो व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही साथ जर्जर व बदहाल सड़क पर भारी वाहनों की आवाजाही से उठने वाली धूल से पर्यावरण प्रदूषण हो रहा है। इसकी वजह से स्थानीय रहवासियो के सेहत पर गहरा प्रभाव पड़ रहा है तथा श्वास संबंधी परेशानी हो रही है। मिली जानकारी के अनुसार नगर के हृदय स्थल गांधी चौक से मुंगेली, लोरमी व कवर्धा तीनों दिशाओं की ओर जाने वाली सड़क पर सुबह से देर रात तक चौबीसों घंटे वाहनों की आवागमन लगा रहता है यही वजह है कि जर्जर व बदहाल सड़क से भारी धूल-गुब्बार उड़ती है कि सांस लेना भी मुश्किल हो जाता है। स्थानीय नागरिक संस्कार श्रीवास्तव ने बताया कि इसका सबसे ज्यादा दुष्प्रभाव सड़क के किनारे व्यापारियों के कामकाज व व्यवसायियों पर पड़ रहा है। सड़क से उठने वाली धूल सीधे दुकानों में प्रवेश करती है। जिससे व्यापारी दुकानदारों को भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिस पर श्री श्रीवास्तव ने शासन प्रशासन व क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व जिम्मेदारो को इस ओर ध्यान देने तथा जल्द से जल्द बॉयपास रोड निर्माण कार्य में तेजी लाने की मांग की गई ताकि स्थानीय निवासियों व व्यापारियों का राहत मिल सकें। साथ ही साथ जर्जर व बदहाल सड़क की सुधार व डामरीकरण की मांग की गई है।

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 26 अप्रैल 2025



# गर्मी छुट्टी के बीच तीन दर्जन ट्रेनें रद्द, मुम्बई-दिल्ली जाने तलाशने होंगे विकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गोंदिया-कलमना के बीच तीसरी लाइन को जोड़ने इंटरलॉकिंग कार्य किए जाने से राजनांदगांव के बीच 1 से 6 मई तक तीन दर्जन एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनें प्रभावित रहेगी। ट्रेनों के प्रभावित होने और देरी से चलने की वजह से राजनांदगांव से अपने गंतव्य के लिए सफर करने वाले रेल यात्रियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। ट्रेनों के रद्द होने से यात्री बसों में भीड़ बढ़ेगी। हावड़ा-मुम्बई रेल मार्ग पर राजनांदगांव से गुजरने वाली सुपर डीलक्स, सुपरफास्ट, एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनों को रद्द किया गया है। जिसमें 1 मई को हैदराबाद-रक्सौल, 1 से 5 मई तक टाटा इतवारी, 3 से 6 मई तक झरसुगुड़ा गोंदिया जेडी, 4 मई को रायगढ़ इतवारी लोकल, 4 से 6 मई जनशताब्दी, 2 मई पूरी-अहमदाबाद, 2 से 6 मई तक बरौनी एक्सप्रेस, 3 मई को गोंडवाना सुपरफास्ट दिल्ली-रायगढ़, 5 मई को गोंडवाना रायगढ़ - दिल्ली, 5 मई को एर्नाकुलम एक्सप्रेस, 4 मई को तिरुनेलवेली-बिलासपुर एक्सप्रेस, 4 मई को बिलासपुर-मद्रास रद्द रहेगी।

हरिभूमि सरोकार

## कलमना से नांदगांव के बीच इंटरलॉकिंग कार्य के चलते 1 से 6 मई के मध्य प्रभावित रहेगी ट्रेनें

### डायवर्ट रूट से चलेगी ट्रेनें

रेलवे द्वारा कुछ ट्रेनों को इंटरलॉकिंग कार्य की वजह से डायवर्ट करके भी चलाया जा रहा है। जिसमें 5 मई को डायवर्ट रूट से भगत की कोठी बिलासपुर से कटनी होकर चलेगी। वहीं शालीमार लोकमान्य तिलक बिलासपुर से कटनी होकर जबलपुर से नागपुर चलेगी। हालांकि इन ट्रेनों की सुविधा नांदगांव वासियों को नहीं मिलेगी।

### खास बातें

- गर्मी की छुट्टियों में बड़ी संख्या में लोग जा रहे घूमने
- लगातार ट्रेनों के रद्द होने से आ रही दिक्कतें, यात्री परेशान



### देरी से चलने वाली ट्रेनें

रद्द और डाइवर्ट ट्रेनों के बीच कुछ ट्रेन देर से भी चलेगी। जिसमें 4 मई को आजाद हिंद पुणे-हावड़ा एक्सप्रेस 5 घंटे, कुर्ला-शालीमार एक्सप्रेस 1 घंटे, ज्ञानेश्वरी सुपर डीलक्स मुंबई-शालीमार 5 घंटे और शालीमार कुर्ला 7 घंटे देर से चलेगी। इंटरलॉकिंग कार्य के चलते यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश और शादियों के सीजन के चलते ट्रेनों में भीड़ रहती है। ऐसे में ट्रेनों के रद्द होने से लोगों को काफी समस्या होगी।

### गोंदिया में इंटरलाकिंग कार्य

गोंदिया स्टेशन में तीसरी रेल लाइन जोड़ने एलआई वर्क होगा, जिसके चलते लगभग 35 ट्रेनें प्रभावित होगी। कुछ ट्रेनों को रीशेड्यूल किया गया है ।- **आरके बर्मन,** स्टेशन प्रबंधक

### नहर पास युवक मृत मिला

**राजनांदगांव।** नहर के पास एक युवक मृत अवस्था में मिला। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। मामले की जांच की जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार चिचोला पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत नहर में युवक मृत अवस्था में मिला। सुबह जब लोगों ने युवक को देखा, तब सनसनी फैल गई। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। पुलिस के अनुसार नहर सूखा था। जिसमें गिरने से युवक के सिर पर लग गया। जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक का नाम रामपुर निवासी संतोष 45 वर्ष बताया गया है।

### मांय एंगल




# घायल भरत रायपुर रेफर, संचालन समिति के खिलाफ एफआईआर, वजह जानने कोलकाता से आएंगे एक्सपर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर में रोप-वे गिरने से घटित घटना में प्रदेश भाजपा महामंत्री भरत वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। उनकी गंभीर हालत के चलते उन्हें इलाज के लिए रायपुर रिफर कर दिया गया है। इधर मामले में लापरवाही करने वाले रोप-वे संचालन समिति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। वहीं मंदिर ट्रस्ट ने भी देर शाम बैठक कर रोपवे संचालन में सुधार के लिए चर्चा की है। वहीं हादसे की मुख्य वजह जानने के लिए कोलकाता से एक्सपर्ट इंजीनियरों की टीम आएगी।

उल्लेखनीय है कि शुक्रवार की दोपहर पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा, प्रदेश भाजपा महामंत्री भरत वर्मा, भिलाई नगर निगम के उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह, मंदिर समिति के मनोज अग्रवाल और सुरक्षाकर्मी मां बम्लेश्वरी के दर्शन कर रोप-वे के जरिए लौट रहे थे। इस दौरान ही रोपवे की ट्रॉली नीचे गिरने से हादसा हो गया। जिसमें रामसेवक पैकरा को कंधे, पीठ और हाथ में मामूली चोंट आई है। इस घटना के बाद भरत वर्मा को राजनांदगांव के संजीवनी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती किया गया था, हालांकि यहां से हालत गंभीर होने के चलते उन्हें रायपुर रेफर कर दिया गया है।

## रोप-वे संचालन के लिए 14 लोगों की टीम, रोजाना मेंटेंनेंस कार्य का दावा







**मौके पर पहुंचे भाजपाई :** डोंगरगढ़ हादसे के बाद जब भरत वर्मा को नांदगांव लाया गया, तो उनका हाल चाल जानने अस्पताल में भाजपा के कई नेता पहुंचे थे। इनमें मेयर मधुसूदन यादव, कोमल सिंह राजपुत, खुबचंद पारख, सचिन बघेल, सौरभ कोठारी, सावन वर्मा, पारस वर्मा के साथ ही कांग्रेस शहर अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा भी पहुंचे थे।

### व्हील राउंड के समय हादसा

घटना को लेकर जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने बताया कि वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा और अन्य भाजपा नेता जब मंदिर दर्शन कर लौट रहे थे, इसी वक्त उतरते समय अंतिम क्षण में ही ट्रॉली घूमने के दौरान व्हील के समीप रोप से टूट गई। जिससे यह हादसा हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश भाजपा महामंत्री भरत वर्मा को सर्वाइकल में चोंट लगी है। जिसका एमआरआई कराया जा रहा है। मां बम्लेश्वरी मंदिर परिसर डोंगरगढ़ में रोपवे की ट्राली जहां रोप से टूटी, वह सुरक्षित जगह था। ट्राली अपने अंतिम जगह पहुंच चुकी थी। जिससे एक बड़ा गंभीर हादसा टल गया।

### वीआईपी दर्शन पड़ा भारी, राहत: बड़ा हादसा टला

बताया गया कि रोजाना मैंटेनेंस के लिए रोप-वे का संचालन दोपहर में डेढ़ बजे से एक घंटे के लिए बंद किया जाता है। लेकिन भाजपा नेताओं के मंदिर पहुंचने के कारण उन्हें वीआईपी सुविधा देने रोप वे से आना-जाना किया गया। हालांकि राहत यह रही कि हादसा ट्रॉली के रुकने के दौरान हुआ, यदि यह हादसा बीच सफर में होता तो बड़ी घटना हो सकती थी।

**वीआईपी ट्रॉली का ऐसा हाल :** डोंगरगढ़ मंदिर परिसर के रोपवे में जो ट्राली टूटी वह ट्राली थी। ऐसे में यहां ट्राली के मेंटेनेंस को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। अगर वीआईपी ट्रॉली की ऐसी स्थिति है, तो फिर आम ट्रॉली का हाल क्या होगा, यह बड़ा सवाल है। इधर ट्राली टूटने की सूचना मिलते ही खलबली मच गई। मंदिर समिति के पदाधिकारी और पुलिस मौके पर पहुंची। ट्रॉली किन परिस्थितियों में टूटी यह जांच का विषय है। हादसे के बाद रोपवे बंद कर दिया गया है और मरम्मत कार्य शुरू है। प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु रोपवे के माध्यम से ही मां बम्लेश्वरी के दर्शन के लिए जाते हैं, ऐसे में चंद वर्ष पहले ही निर्मित हुए रोपवे का ऐसा हाल है तो फिर दर्शनार्थियों की सुरक्षा भगवान भरोसे ही है।

# रंजिश के चलते चाकू के मूठ से किया हमला, दो पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



पुरानी रंजिश के चलते आरोपियों ने गाली-गलौज कर चाकू के मूठ से हमला कर युवक को चोंट पहुंचाया। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 2 अप्रैल को प्रार्थी ज्वेल जोसफ 39 साल निवासी उत्कर्स नगर डोंगरगढ़ ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह रात करीबन 9 बजे एमजे फ्यूल डोंगरगढ़ के पास खड़ा था। उसी समय इमरान खान एवं नकीब खान अपने दो साथियों के साथ दो मोटर साइकिल में आकर पुरानी रंजिश की बात को लेकर गाली-गुप्तार कर जान से मारने की धमकी देते हुए आरोपी नकीब खान अपने हाथ में रखे बटनदार चाकू के मूठ से प्रार्थी के सिर के पीछे वार कर चोंट पहुंचाया। रिपोर्ट पर थाना डोंगरगढ़ में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। पुलिस के अनुसार घटना दिनांक के बाद से इमरान खान एवं नकीब खान का लगातार पता तलाश किया जा रहा था। 24 अप्रैल को आरोपी इमरान खान एवं नकीब खान को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, जो अपने अन्य दो विधि से संघर्षरत बालक के साथ मिलकर घटना करना स्वीकार किया।

**चाकू व वाहन जब्त :** आरोपी नकीब खान से उसके घर से घटना में प्रयुक्त एक बटनदार चाकू एवं एक मोटर साइकिल और आरोपी इमरान खान से एक मोटर साइकिल को जब्त किया गया है। आरोपी इमरान खान एवं नकीब खान को धारा- 296(1), 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजने हेतु न्यायालय में पेश किया गया है।

बंगाल की खाड़ी से आ रही नम हवाएं

# आज से लुढ़केगा दिन का तापमान, बेमौसम बारिश की भी बन रही संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



मौसम में एक बार फिर बदलाव के संकेत मिल रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार आज से अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री तक की गिरावट देखने को मिल सकती है। वहीं बेमौसम बारिश के भी हालत बन रहे है। बस्तर संभाग में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है, जिसका असर जिले में भी देखने को मिल सकता है।इधर मौसम विभाग के अनुसार एक पश्चिमी विक्षोभ मध्य क्षोभमंडल मे द्रोणिका के रूप में 72 डिग्री पूर्व और 32 डिग्री उत्तर में स्थित है। एक उत्तर दक्षिण द्रोणिका मराठवाड़ा मध्य से मन्नार की खाड़ी तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में कल 26 अप्रैल को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की सम्भावना हैं । प्रदेश में अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। फिर भी अनेक जिलों में हल्की गिरावट का दौर प्रारंभ होने की सम्भावना है ।

### दिनभर तेज धूप, रात तक गर्म हवाएं

मौसम की तपिश से लोग हलाकान है, अंचल का अधिकतम तापमान 44 डिग्री के करीब बना हुआ है। वहीं न्यूनतम तापमान भी 27 डिग्री के पास पहुंच गया है। हालत यह है कि सुबह से दोपहर तक तेज धुप से लोग परेशान है, वहीं देर रात तक गर्म हवाएं चल रही है।

पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा

# मुस्लिम समाज ने फूंका आतंकवाद का पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का विरोध करते मुस्लिम समाज के लोगों ने शुक्रवार को शहर के महाकाल चौक पर आतंकवाद का पुतला जलाकर पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। वहीं आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए केंद्र सरकार से मांग की।

पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले को लेकर मुस्लिम समाज द्वारा इसकी कड़ी निंदा की जा रही है। गुरुवार को जहां राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर आतंकवाद के खात्मे की मांग की गई। वहीं आज मुस्लिम समाज के लोगों ने महाकाल चौक पर एकत्रित होकर आतंकवाद का पुतला फूंका। पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर आक्रोशित मुस्लिम समाज के लोगों ने आतंकवादियों की इस कायराना हरकत का कड़ा विरोध किया है। समाज के लोगों ने कहा कि दहशतगर्द किसी जाति या धर्म के नहीं होते हैं। धर्म पूछकर हिंदू भाइयों की हत्या करना काफी निंदनीय है। जिसकी जितनी भर्त्सना की जाए कम है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देकर आतंकवाद का खात्मा किया जाए। आतंकवाद का पुतला जलाने के दौरान मुस्लिम समाज के लीगल कमेटी अध्यक्ष मिर्जा हबीब बेग, युवा पदाधिकारी राजिक खान, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के संयुक्त महासचिव डॉ. आफताब आलम, डॉ. तहजीब अख्तर, राजिक सोलंकी सहित बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के युवा और पदाधिकारी शामिल हुए।

### मौन श्रद्धांजलि दी

मुस्लिम समाज के युवाओं ने आतंकवादियों द्वारा निर्दोष पर्यटकों की हत्या को लेकर अपना विरोध जताते हुए मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मृतकों के परिजनों के प्रति मुस्लिम समाज की गहरी संवेदना है।

### आतंकवाद का खात्मा जरूरी

मुस्लिम समाज के लोगों ने इस आतंकवादी हमले को लेकर केंद्र सरकार से मांग की है कि आतंकवादी किसी भी जाति-धर्म से हो, उनका खात्मा जरूरी है। आतंकवादियों का जो साथ दे रहा है, उसका भी वही हर्ष किया जाए, ताकि इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो।



Authorised retailer for Chhattisgarh
MMTC-PAMP
वैलेट पार्किंग सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### लॉयंस क्लब ने की आतंकी हमले की निंदा

**कवर्धा।** पहलगाम कश्मीर में दुर्दांत आतंकवादियों के कायराना हमले में मारे गए निर्दोष सैलानियों को लॉयंस क्लब के पदाधिकारियों सदस्यों ने अश्रुपूरित श्रद्धा सुमन अर्पित किए हैं। लायन अध्यक्ष प्रेमचंद श्रीश्रीमाल के निवास में श्रद्धांजलि बैठक आयोजित की गई थी। प्रेमचंद ने इसे बहुत ही दुःखद घटना करार देते हुए कहा कि पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों ने मासूम लोगों की जान लेकर भारतीय समाज की एकता तोड़ने की कोशिश की है, पर वे कभी भी अपने नापाक मंसूबों में कामयाब नहीं हो पाएंगे। नीरज मंजीत छाबड़ा ने कश्मीर में घटी पूर्ववर्ती आतंकी वारदातों का जिक्र करते हुए कहा कि इस बार केन्द्र सरकार ने आतंकियों और पाकिस्तान में बैठे उनके आकाओं के खिलाफ बहुत ही कड़े कदम उठाए हैं।

### प्री-पीपीटी व प्री-एमसीए परीक्षा 1 मई को

**कवर्धा।** प्री-पॉलीटेक्निक (पीपीटी) व प्री-एमसीए (एमसीए) प्रवेश परीक्षा 1 मई को होने जा रही है। अभ्यर्थी वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक पर क्लिक कर अपने प्रोफाइल लॉगिन पेज से प्रवेश को डाउनलोड कर सकते हैं। कोई कठिनाई होती है तो जारी हेल्पलाइन नंबर व मोबाइल नंबर पर सुबह 10 से शाम 5.30 बजे तक संपर्क कर सकते हैं।

**कार्रवाई : पाकिस्तानी पासपोर्ट सहित गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार, चोरी का हाईवा, कार, बाइक जब्त**

# अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले में लगातार बढ़ रही वाहन चोरी की शिकायतों के बीच जिला पुलिस प्रशासन ने एक बड़ी कार्यवाही करते हुए अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह को देबोचने में सफलता हांसिल की है। पुलिस ने अपनी सूझबूझ, सतर्कता, त्वरित कार्रवाई और आधुनिक तकनीकी विश्लेषण के सहयोग से इस गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर इनके पास से चोरी की हाईवा, दो बाइक, एक कार एवं चार मोबाइल जब्त किए है। गिरफ्त में आए आरोपियों के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही की गई वहीं इनसे और जानकारी जुटाई जा रही है। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभाकक्ष में एक प्रेसवार्ता आयोजित कर पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने पूरे मामले का खुलासा करते हुए बताया कि गत 12-13 अप्रैल 2025 की रात कबीरधाम जिला मुख्यालय से एक हाईवा वाहन चोरी किए जाने का मामला सामने आया था। जिस पर वाहन के मालिक द्वारा थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। इस मामले के सामने आने के बाद तत्काल थाना कोतवाली एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम गठित की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह बघेल एवं पंकज पटेल के मार्गदर्शन और एसडीओपी बोड़ला अखिलेश कौशिक एवं एसडीओपी कवर्धा कृष्ण कुमार चंद्राकर के नेतृत्व में इस गंभीर अपराध की जांच में जुटी टीम ने तेजी से कार्य प्रारंभ किया। सीसीटीवी फुटेज के विश्लेषण में यह सामने आया कि चोरी गई हाईवा को पंजाब ढाबा के समीप स्थित पेट्रोल पंप में डीजल भरवाते हुए देखा गया था, पेट्रोल पंप से निकलकर जाने वाले सभी संभावित अंतराजीय मार्गों में खोजबीन के लिए जिला पुलिस की 10 अलग-अलग टीम तैयार की गई जिनके द्वारा आरोपियों के भागने के मार्ग का पता लगाया गया। वहीं अन्य राज्यों की साइबर टीमों से संपर्क कर चोरी की वारदात के संभावित गैंग की पहचान की गई इनके पीछे सर्विलांस सिस्टम को तैनात किया गया। पुलिस द्वारा शहर के होटलों, लॉजों, ढाबों एवं बाहरी व्यक्तियों की आवाजाही की सतत निगरानी की गई। सम्पूर्ण जांच से यह उजागर हुआ कि गिरोह हरियाणा के मेवात क्षेत्र से सक्रिय है तथा पूर्व में छत्तीसगढ़ समेत अन्य राज्यों में वाहन चोरी की घटनाओं में लिप्त रहा है। पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने बताया कि 21 अप्रैल को जैसे ही संदेहियों ने छत्तीसगढ़ में प्रवेश किया कबीरधाम पुलिस को पता चल गया तथा पुलिस को आशंका हुई कि गिरोह पुनः चोरी की वारदात को अंजाम देने वाला है। इस संभावित खतरे को देखते हुए पूरे जिले में विशेष निगरानी दलों की तैनाती की गई तथा सादी वर्दी में पुलिस बल को सतर्क व तैनात किया गया। सभी प्रमुख मार्गों पर नाकेबंदी कर हर संदिग्ध वाहन एवं व्यक्ति पर नजर रखी गई। इसी बीच 22-23 अप्रैल की रात लगभग दो बजे जबलपुर रोड पर एक हाईवा वाहन संदेहास्पद स्थिति में दिखाई दी। पुलिस को देख चालक वाहन को छोड़कर खेतों की ओर भाग निकला। इसी दौरान तड़के लगभग साढ़े चार बजे घुक्सा गांव में दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा एक ग्रामीण की बाइक जबरन छीनकर भागने की सूचना प्राप्त हुई। इस सूचना के बाद पुलिस द्वारा लगातार आरोपियों का पीछा करते हुए खेतों की घेराबंदी की गई, जिसके परिणामस्वरूप राम्हेपुर स्थित शक्कर कारखाना के पीछे खेतों में छिपे दो व्यक्तियों मोहम्मद उजेर उर्फ उज्जी खान आयु 27 वर्ष, निवासी सिंगार, थाना बिछोर, जिला नूह, हरियाणा एवं मुसेद खान, आयु 20 वर्ष, निवासी ग्राम बामनी, थाना जुरहेरा, जिला भरतपुर (डीग), राजस्थान को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। इस संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक लालजी सिन्हा, उप निरीक्षक रजनीकांत दीवान, सहायक उप निरीक्षक राजकुमार चंद्रवंशी, दर्शन साहू, सुरेश जायसवाल, प्रधान आरक्षक खूबी साहू, आरक्षक बलीराम महोबिया एवं साइबर विश्लेषण में निरीक्षक मनीष मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक चंद्रकांत तिवारी, आरक्षक संदीप शुक्ला एवं लेखा चंद्रवंशी का तकनीकी योगदान महत्वपूर्ण रहा। डीआरजी के जवानों ने भी घेराबंदी एवं सर्च ऑपरेशन में सक्रिय भूमिका निभाई। ।




### एक आरोपी के पास पाकिस्तान का वीजा

कबीरधाम पुलिस के हत्थे चढ़ा अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह का एक सदस्य जमील खान, आयु 58 वर्ष, निवासी ग्राम राजाका, थाना नगीना, जिला नूह हरियाणा के एक गांव का सरपंच है और यही इस गिरोह का मुखिया भी बताया जा रहा है। पुलिस ने इस बात का भी खुलासा किया है कि जमील के पास पाकिस्तानी पासपोर्ट भी है और वह कई बार पाकिस्तान भी जा चुका है। ऐसे में यह मामला और भी ज्यादा गंभीर हो जाता है। जांच में जुटी पुलिस अब इस बात का भी पता लगा रही है कि जमील का पाकिस्तान में किन लोगों के साथ संपर्क है और वह वाहन चोरी के अलावा किन-किन गतिविधियों में संलिप्त है।

### ग्रामीण से बाइक छीनकर भागने की जुगत

पुलिस गिरफ्त आए इन आरोपियों ने पूछताछ के दौरान 12 अप्रैल को चोरी की गई हाईवा को गुजरात ले जाकर बेचने की जानकारी दी तथा यह भी स्वीकार किया कि 22 अप्रैल की रात उन्होंने बेमेतरा से एक और हाईवा चोरी की है जिसे कवर्धा होते हुए किसी अन्य स्थान पर ले जा रहे थे। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपने अन्य साथी मोहम्मद समीम उर्फ छोटा काला, आयु 32 वर्ष, निवासी पल्ला चौकी नरहर, थाना नूह, जिला नूह, हरियाणा एवं जमील खान, आयु 58 वर्ष, निवासी ग्राम राजाका, थाना नगीना, जिला नूह, हरियाणा का भी नाम उजागर किया, जिनका कार्य फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से वाहनों को उत्तर भारत के अन्य राज्यों में बेचना था। फरार आरोपियों की गतिविधियों पर नजर रखते हुए पुलिस ने रायपुर से समीम एवं जमील को भी गिरफ्तार कर लिया है। वहीं गिरोह का एक अन्य सदस्य रोशन खान अभी भी फरार है जिसकी तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है।

### देश के कई राज्यों में सक्रिय था चोर गिरोह

गिरफ्त में आए इन वाहन चोर गिरोह के सदस्यों से पुलिस द्वारा अब तक जो संपत्ति जब्त की गई है, उसमें बेमेतरा से चोरी गई हाईवा की कीमत लगभग तीस लाख रुपए, चोरी में प्रयुक्त कार की कीमत लगभग दस लाख रुपए, रायपुर से चोरी गई बाइक की कीमत पचास हजार रुपए, घुक्सा से लूटी गई बाइक की कीमत पचास हजार रुपए तथा चार मोबाइल फोन जिनकी कुल कीमत लगभग साठ हजार रुपए आंकी गई है। इस प्रकार कुल जब्ती की अनुमानित कीमत 41 लाख 60 हजार रुपए है। पुलिस ने खुलासा किया कि आरोपियों द्वारा बेमेतरा से पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के भोइनाभाठा बेमेतरा स्थित डामर प्लांट के यार्ड से भी एक हईवा चुराई थी। यह गिरोह सुनियोजित तरीके से फर्जी दस्तावेजों पर वाहनों की बिक्री करता था। इनकी गतिविधियां हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, गुजरात और छत्तीसगढ़ तक फैली हुई हैं। चोरी गई पहली हाईवा की बरामदगी के लिए पुलिस की पांच विशेष टीमें अलग-अलग राज्यों में रवाना की गई हैं, जिनमें थाना कोतवाली के अधिकारी एवं साइबर सेल के तकनीकी विशेषज्ञ शामिल हैं।

# भेड़ागढ़ के जंगल में पेड़ों की अवैध कटाई

## शासन प्रशासन की चुप्पी से उठ रहे सवाल



- मामला उजागकर होने के बाद भी विभागीय कार्यवाही शून्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोदवागोड़ान

जिले के पश्चिम पंडरिया वन परिक्षेत्र अंतर्गत आने वाले भेड़ागढ़ बैगापारा के पास हुए भीषण वन विनाश को लेकर आज तक किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं होने से जहां वनविभाग सवालों के घेरे में है, वहीं दूसरी ओर राजनीतिक चुप्पी को लेकर भी जनमानस में तमाम प्रश्न खड़े हो रहे हैं। गौरतलब है कि पश्चिम पंडरिया के भेड़ागढ़ गांव के पास विगत 7 एवं 8 अप्रैल को वनभूमि पर अतिक्रमण करने वालों के समूह ने एक साथ तीन हजार से भी अधिक हरे भरे और वयस्क हो चुके नीलगिरी व सागौन के पेड़ों को काट डाला था। इस मामले को लेकर तमाम अखबारों और सोसल मीडिया में खबरें भी प्रकाशित हुईं। विभाग से मीडिया द्वारा जवाब तलब भी हुए किंतु आज लगभग 20 दिन बीत जाने के बाद किसी के कान पर जूं तक नहीं रेंगा है। घटनास्थल वन विभाग के कक्ष क्रमांक 1467 एवं 1468 में आज भी कटे हुए हजारों पेड़ों के शव जस के तस लावारिश हालत में पड़े हुए हैं। यहां की बर्बादी और हरे भरे झाड़ों की हुई अंधाधुंध कटाई के बाद जंगल में बिखरे पड़े मृत पेड़ों को देखकर किसी भी वन और पर्यावरण प्रेमी की आंखों से आंसू और दिल से आह निकल सकती है। पर वाह रे असंवेदनशील वन विभाग इतने दिनों के बाद भी न किसी ठूठ पर विभाग के हैमर लगे हैं न ही दोषी लोगों पर किसी तरह की कार्यवाही का पता चला है। भेड़ागढ़ में हुए भीषण वन विनाश के बाद अभी तक कोई कार्यवाही का नहीं होना और इतनी बड़ी घटना को सरकार और प्रशासन द्वारा गंभीरता से नहीं लिए जाने से यही साबित होता है कि सरकार और राजनेता सिर्फ भाषणों और विज्ञापनों में जल जंगल और पर्यावरण को लेकर बड़ी बड़ी बातें करने वाले हैं। आए दिन छट्ठी बरही से लेकर शादी समारोह में शामिल होने वाले पक्ष और विपक्ष के नेताओं को हरे भरे जंगल के भीतर हुई इतनी बड़ी विनाश लीला को देखने की भी फुर्सत नहीं है। विपक्ष में रहकर जो नेता जरा जरा सी बात पर आंदोलन और घेराव करके पुतला दहन करते हैं वे भेड़ागढ़ में मानव ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण जीव जगत के लिए आवश्यक माने जाने वाले पर्यावरण पर किए गए कुठाराघात पर मौन साधे हुए हैं। अंचल के लोगों का मानना है कि एक बार में इतने बड़े विनाश को देखते हुए तो यहां वन मंत्री से लेकर विपक्ष के नेता तक दौरा होना चाहिए था। विभागीय अधिकारियों द्वारा कैंप लगाकर सघन जांच और कार्यवाही होनी थी। लेकिन दुखद और सोचनीय बात तो ये है कि जिला स्तर पर भी कोई हलचल नहीं हुई।

# सरकारी स्कूल में परीक्षा के नाम पर भद्दा मजाक

- दो विषयों के बीते सालों के प्रश्नपत्र थमाकर ले ली गई कक्षा ग्यारहवीं की परीक्षा
- प्राचार्य को शिकायत का इंतजार, लापरवाह शिक्षकों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया

जिले के स्कूल शिक्षा विभाग में वैसे तो लापरवाही, मनमानी और भर्राशाही कोई नई बात नहीं है। बेलगाम शिक्षा विभाग में पदस्थ आला अधिकारी से लेकर स्कूलों के प्राचार्य और शिक्षक सब अपनी मर्जी के मालिक हैं जिन्हें जो करना है वे वही कर रहे हैं। उन्हें रोकने टोकने वाला शासन-प्रशासन में कोई नहीं है। ऐसी ही लापरवाही, मनमानी और भर्राशाही का बेहद गंभीर मामला जिले के पंडरिया नगर से सामने आया है। जहां संचालित शासकीय कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल में हाल के दिनो में हुई कक्षा 11 वीं की स्थानीय वार्षिक परीक्षा में भौतिक शास्त्र तथा अंग्रेजी के परिक्षार्थियों को बीते वर्ष स्कूल में ली गई कक्षा 11 वीं की स्थानीय परीक्षा के प्रश्न पत्र थमा कर इस वर्ष की परीक्षा सम्पन्न करा दी गई और अब परीक्षा परिणाम जारी करने की तैयारी की जा रही है। बताया जाता है कि कक्षा 11 वीं के इन दोनो ही विषयों के इस वर्ष की परीक्षा प्रश्नपत्र बीते वर्ष की परीक्षा की हूबहू कॉपी है। जिसमें सिर्फ वर्ष बदला गया है। जबकि प्रश्न और यहां तक की उनके क्रम और अंकों में भी कोई अंतर नहीं है। ऐसे में बड़ा सवाल यही खड़ा हो रहा है कि ऐसा क्यों किया गया? सवाल यह भी उठ रहा है कि क्या इस बात की जानकारी स्कूल के प्राचार्य को नहीं थी। माना जा रहा है कि यह सीधे तौर पर स्कूल में संबंधित विषयों के उन शिक्षकों की घोरलापरवाही व कामचोरी है जिन्हें प्रश्नपत्र तैयार करने की जिम्मेदारी की गई थी। लेकिन उन्होने अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन न करते हुए कामचोरी के चलते बीते वर्ष के ही प्रश्नपत्रों से ही परीक्षा सम्पन्न करा दी। हैरानी की बात तो यह है कि स्कूल के प्राचार्य ने भी अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन नहीं किया। उससे भी दुखद यह है कि मामला व शिकवा शिकायत सामने आने के बाद भी लापरवाह शिक्षकों व प्राचार्य के खिलाफ किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गई और अब तो स्थानीय परीक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किए जाने की तैयारी की जा रही है। निश्चित रूप से जिला स्कूल शिक्षा विभाग में यह अंधेरगर्दी चौपट राजा जैसी स्थिति है, जो स्कूली बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है।

# परीक्षा परिणाम से उत्पन्न तनाव को दूर करने पालक शिक्षक कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

छत्तीसगढ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा 10 वी एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम आने के पूर्व पालक शिक्षक बैठक का आयोजन विकासखंड पडरिया के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल सोमनापुर नया में आयोजित की गई। इस अवसर पर उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए प्राचार्य संतोष कुमार साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि आने वाले समय में बोर्ड परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित किए जाएंगे। परीक्षा परिणाम घोषित होने के पूर्व तनाव एक स्वाभाविक प्रक्रिया है, किन्तु कई बार बच्चे उस तनाव के चलते अवसाद ग्रस्त हो जाते है। यह समय बच्चो एवं पालकों के लिए बहुत संवेदनशील होता है। परीक्षा परिणामों को लेकर कई बार पालकों की भी नकारात्मक भूमिका सामने आई है। इन्होंने पालकों एवं छात्रों को समझाईश देते हुए कहा कि परीक्षा परिणाम आशा अनुरूप न होना, जीवन का कोई अंतिम परिणाम नहीं है। हमारे सामने बहुत से ऐसे उदाहरण है जिन्होंने परीक्षा के दौरान अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है किन्तु वे जीवन में अत्यंत सफल रहे हैं। तथा वे हमारे प्रेरणा स्त्रोत रहे हैं। परीक्षा परिणाम जैसा भी रहे पालक, बच्चो पर अनावश्यक दबाव न बनायें और न ही नकारात्मक प्रतिक्रिया देवे। परीक्षा परिणाम से तनाव ग्रसित बच्चो मे पूर्व से भी कुछ लक्षण दिखने लगते हैं, जैसे शांत रहना, अकेले गुमशुम रहना, किसी काम मे मन न लगना, चिड़चिड़ापन, भूख नहीं लगना आदि। इन तथ्यों के आधार पर हमे उनकी समुचित, निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी। जीवन में एक असफलता कई नई सीखे देकर सफलता का मूलमंत्र बना जाती है। पालकों को बच्चो के साथ उनकी रुचि के अनुरूप कुछ समय बिताए उनकी बातो को समझे, उनकी इच्छाओं को जानें। उनकी अपेक्षा के अनुरूप पूरा सहयोग करे। इस कार्यशाला में प्राचार्य संतोष कुमार साहू, विषय शिक्षक ज्योति ध्रुव, योगेश कुमार गुरु दीवान, महेंद्र कंठले, सीएसी शत्रुघ्न प्रसाद डड़सेना पालक गण, छात्र छात्राएं उपस्थित थे।



# जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष होरीराम साहू ने की पहलगाम आतंकी हमले की निंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष होरीराम साहू ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए हमले में जान गवाने वाले निर्दोष पर्यटकों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट कर उन्हें श्रद्धाजलि अर्पित की है।

श्री साहू ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा निर्दोष नागरिकों पर किया गया कायरतापूर्ण हमला अत्यंत निंदनीय है। यह आतंकवादी हमला न सिर्फ कायरता की पराकाष्ठा है, बल्कि मानवता पर भी गहरा आघात है। उन्होने कहा कि इस आतंकी हमले की जितनी निंदा की जाए कम है।

लेकिन कहीं न कहीं यह हमला केन्द्र सरकार की पहलगाम के पर्यटकों की सुरक्षा व्यवस्था के प्रति लापरवाही और गंभीर चूक का भी नतीजा है। उन्होने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में आतंकी पहलगाम जैसे पर्यटन स्थल में घुसकर 28 निर्दोष पर्यटकों को मौत के घाट उतार देते हैं लेकिन सुरक्षा ऐजेंसियों को इसकी भनक तक नहीं लगती यह चिंतनीय है।

जिला कांग्रेस के कमेटी के अध्यक्ष होरीराम साहू ने कहा कि इस विषय पर केन्द्र सरकार को चिंतन करते हुए सुरक्षा व्यवस्था को दुरूस्थ करना चाहिए तथा घटना को अंजाम देने वाले आतंकियों के खिलाफ जल्द से जल्द कड़ी कार्यवाही करनी चाहिए जिसकी मांग आज पूरा देश कर रहा है।

ताकि आतंकवाद पुनः सिर न उठा सके और इस तरह की घटना की पुर्नावृत्ति न हो।

**जिला पंचायत सीईओ ने वर्चुअल बैठक लेकर की सुशासन तिहार के आवेदनों की समीक्षा की**

# सुशासन तिहार के आवेदनों का पूर्ण हो निराकरण: सीईओ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

सुशासन तिहार के पहले चरण 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक प्राप्त आवेदनों का निराकरण गुणवत्ता के साथ करते हुए आवेदनों पर की गई कार्यवाही की सूचना संबंधित को दिए जाने के निर्देश सीईओ जिला पंचायत अजय कुमार त्रिपाठी द्वारा सभी जनपद पंचायत को दिए गए। सीईओ जिला पंचायत श्री त्रिपाठी ने ऑनलाइन वर्चुअल बैठक के माध्यम से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की। बैठक में सभी सीईओ जनपद पंचायत अपने-अपने जनपद पंचायतो से ऑनलाइन जुड़े रहे। जनपद पंचायत बोड़ला अंतर्गत 23387 जनपद पंचायत कवर्धा अंतर्गत 18548 जनपद पंचायत पड़रिया अंतर्गत 16297 एवं जनपद पंचायत स लोहारा अंतर्गत 12318 सहित कुल 70550 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इन आवेदनों में निर्माण कार्य से संबंधित मांग एवं शिकायत आवेदन सम्मिलित है। सभी आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करते हुए शिकायत आवेदनों पर नियमानुसार जांच कर कार्यवाही करने के निर्देश वर्चुअल बैठक में दिए गए। सीईओ जिला पंचायत श्री त्रिपाठी ने सभी जनपद पंचायत को निर्देशित करते हुए कहा कि 5 मई से आयोजित होने वाले प्रस्तावित समाधान शिविरों के पूर्व सभी आवेदनों का निराकरण ऑनलाइन एंट्री में दर्ज किया जाए। समाधान शिविर में आने वाले ग्रामीणों को उनके द्वारा किए गए आवेदनों की विस्तृत जानकारी दिये जाय। प्रस्तावित समाधान शिविर के लिए निर्धारित स्थान समय एवं दिन का व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए गए, जिससे कि अधिक से अधिक ग्रामीण शिविर में उपस्थित होकर इसका लाभ उठा सके। बैठक के दौरान जिला पंचायत अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की भी समीक्षा की गई। इस दौरान पाया गया है कि जिला स्तर पर प्राप्त 8155 आवेदनों का निराकरण किया जाना है जो विभिन्न कार्यों की मांग से संबंधित आवेदन है। सभी शाखा प्रमुखों को आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान जिला पंचायत कबीरधाम से मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी के साथ उपसंचालक पंचायत राज तिवारी सहायक प्रचार प्रसार अधिकारी विनीत दास, जिला समन्वयक जितेंद्र सिंह ठाकुर एवं सभी जनपद पंचायत से संबंधित मुख्य कार्यपालन अधिकारी कार्यक्रम अधिकारी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## 46 डिग्री तापमान में झुलस रहे शहरी वन्यप्राणी...

**कोलेगांव।** इस समय भीषण गर्मी और तपिश के साथ इससे उत्पन्न विपरीत परिस्थितियां अपने चरम पर है। हालात इतने खराब हो चुके हैं कि लोगों का भरी दोपहरी अपने घरों से बाहर निकलना मुस्किल हो गया है। लोगों को न तो पंखा, कूलर में सुकून मिल रहा है और न ही भरी दोपहरी एसी ढंग से काम कर रहा है। ऐसे में समझा जा सकता है कि खुले आसमान के नीचे जीवन बसर करने वाले जीव, जंतुओं और वन्यप्राणियों का क्या हाल हो रहा होगा। मौसम की इस विषम परिस्थितियों का सामना इन दिनो शहरी वन्यप्राणी बंद कर रहे हैं। जिन्हें गांव व शहर में न तो भोजन मिल पा रहा है और न ही पानी। इस भीषण गर्मी में शहर से लेकर गांवों में बंदर मौसम की मार से बचने के लिए यहां वहां भटकते नजर आ रहे हैं।

